हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, गुरुवार, 5 दिसंबर 2024

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]


तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 19.4 डिग्री


10 छात्रों ने रैली निकालकर किया एड्स और नशामुक्ति के लिए जागरूक



11 विद्यार्थियों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन




# 14 नवंबर से अब तक 29 हजार 550 किसानों से 1.40 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा जा चुका, उठाव नहीं होने से खरीदी प्रभावित होने के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

अलग खबर

जिले में धान खरीदी बुरी तरह प्रभावित है। 14 नवंबर से जिले की 87 सहकारी समितियों के 102 केंद्रों के माध्यम से धान की खरीदी की जा रही है। अब तक 1.40 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। इसमें से एक दाने का उठाव नहीं हो पाया है। प्रशासनिक तैयारी इस कदर खराब है कि अब तक मिलर्स और ट्रांसपोर्टर्स के साथ अनुबंध नहीं हो पाया है। दो दिन पहले आवेदन की प्रक्रिया शुरू की गई। इसमें 30 मिलर्स ने आवेदन दिए हैं, उनमें से केवल 12 के आवेदनों को सत्यापन के बाद स्वीकृति प्रदान की गई है। उनका पंजीयन किया गया है, लेकिन डीओ कटने की प्रक्रिया अब तक शुरू नहीं हो पाई है। इस वजह से धान का उठाव तक शुरू नहीं हो पाया है। बुधवार को कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने तैयारियों को लेकर ग्राम बोरीगारका और कोड़िया धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण भी किया। उन्होंने उठाव को लेकर जानकारी भी ली, लेकिन संतोषजनक जानकारी नहीं मिली। उन्होंने हर स्थिति में 5 दिसंबर तक उठाव शुरू करने के निर्देश दिए, लेकिन हरिभूमि की पड़ताल में खुलासा हुआ है कि 5 दिसंबर को उठाव शुरू होने की संभावना कम ही है।

## 80% से ज्यादा धान की फसल कट चुकी, केंद्र पहुंच रहा धान

पाटन के किसान नेता राकेश ठाकुर ने बताया कि किसानों की स्थिति बेहद खराब है। 80 प्रतिशत से ज्यादा फसल की कटाई हो चुकी है। किसान अब धान कहां रखे, उन्हें इस बात की चिंता सता रही है। धान खरीदी को लेकर उन्हें पहले ही रतजगा करना पड़ रहा है। ऑनलाइन टोकन में कई तकनीकी दिक्कत बताकर लौटा जा रहा है। 3 दिसंबर से मैनुवल टोकन जारी करना शुरू किया गया है। फेकारी, सेलूद, पाटन जैसे कई केंद्रों में बफर लिमिट क्रॉस हो चुकी है। धान रखने की जगह नहीं है। प्रशासन ने जल्द ही कोई निर्णय नहीं लिया तो सड़क पर उतरकर विरोध किया जाएगा। इसके बाद सारी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## कलेक्टर ने किया बोरीगारका और कोड़िका केंद्रों का निरीक्षण, धान के उठाव को लेकर अब भी संशय

### 5 नए संग्रहण केंद्र बनाने की तैयारी, सफाई की जा रही

जानकारी के मुताबिक कांग्रेस सरकार में संग्रहण केंद्रों को पूर्णतः बंद कर दिया गया था। उसे फिर से शुरू किया जा रहा है। 4-4 लाख मीट्रिक टन क्षमता के 5 नए संग्रहण केंद्र खोले जा रहे हैं, ये पहले संचालित होते रहे हैं। वहां की साफ-सफाई कराई गई है। इन केंद्रों में जेवरा, अरसनारा, बासिंग, कोड़िया और सेलूद शामिल हैं। फिलहाल मिलर्स धान का उठाव करेंगे। बीजेपी किसान मोर्चा के अध्यक्ष विनायक ताम्रकार ने बताया कि धान का उठाव जल्द शुरू होना है। इसे लेकर लगाकार अधिकारियों से जानकारी ली जा रही है।



### कलेक्टर ने ली बारदानों की उपलब्धता की जानकारी

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने बुधवार को कोड़यिा और बोरीगारका के धान खरीदी केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कोड़यिा में स्थित सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक एवं किसानों से चर्चा की। समिति प्रबंधक ने बताया कि कल से धान उठाव का कार्य प्रारंभ होना है। नियमित रूप से धान खरीदी जारी है। किसानों को समय सीमा के भीतर भुगतान किया जा रहा है। पर्याप्त मात्रा में बारदाने भी उपलब्ध हैं। कलेक्टर ने समिति प्रबंधक एवं नोडल अधिकारी को प्रति सप्ताह स्टॉक सत्यापन कराए जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने पीडीएस प्रक्रिया से संबंधित समस्या का भी शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रभारी खाद्य नियंत्रक टीएस अत्री, डीएमओ भौमिक बघेल सहित अन्य मौजूद थे।

### जल्द से जल्द शुरू होगा उठाव

हमारा प्रयास है कि जल्द से जल्द उठाव करें। इसके लिए मिलर्स की पंजीयन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पहले जहां ज्यादा धान होगा, वहां से उठाव किया जाएगा। अब तक 12 मिलर्स का पंजीयन किया जा चुका है। नियमित रूप से सत्यापन और अन्य प्रक्रिया की जा रही है।

**-टीएस अत्री,** प्रभारी खाद्य नियंत्रक दुर्ग

## खबर संक्षेप

### धमकाने, फर्जी प्रमाण पत्र मामले में वेतन वृद्धि रोकी

**भिलाई।** धमधा जनपद पंचायत अंतर्गत आने ग्राम ढौर के पंचायत सचिव पर शिकायत के आधार पर हुई जांच के बाद कार्रवाई की गई है। कार्रवाई जिला पंचायत के सीईओ ने की है। जारी आदेश में पंचायत सचिव महेश रात्रे को धमधा जनपद में अटैच करने के साथ दो वेतन वृद्धि रोकने की बात कही गई है। साथ ही निलंबन अवधि को कार्य अवधि मानी जाएगी। बता दें कि रात्रे पर धमधा जनपद के कर्मचारियों और अधिकारियों को धमकी देने का आरोप है। इसके अलावा पदस्थापना के दौरान पंचदेवरी में अनाधिकृत रूप से फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जारी किया गया था। इस मामले में जांच की गई। जांच के आधार पर यह कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने बताया कि दोनों मामलों में जांच के बाद उक्त कृत्य को छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा नियम 1998 के नियम 3 के विपरीत होने से कार्रवाई की गई है।

### बादलों की वजह से पारा सामान्य से $4^0$ ज्यादा

**भिलाई।** फेंगल तूफान का असर कम हो गया है, लेकिन हल्के बादल अब भी छाए हुए हैं। इसके असर से जिले के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की है। बुधवार को जिले का अधिकतम तापमान 31.4 डिग्री रहा, जो सामान्य से 3.5 डिग्री ज्यादा रहा। इसी प्रकार रात का तापमान 19.2 डिग्री रहा, जो सामान्य से 4.4 डिगी ज्यादा रहा। मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर-पश्चिम की हवाओं का असर आगामी दिनों में बढ़ेगा, इसके साथ ही ठंड में बढ़ोतरी होगी। तापमान में गिरावट आएगी। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि केरल के आसपास कम दबाव का क्षेत्र विकसित हो रहा है। इसके आगामी दिनों में और भी प्रबल होने आसार है। इसके आगे बढ़ने से आंध्रप्रदेश, तामिलनाडु, छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में आंशिक असर पड़ सकता है। बारिश हो सकती है।

## शादी की पार्टी में रसगुल्ले को लेकर शुरू हुआ था विवाद हुआ

# पुलिस चौकी से 100 मीटर की दूरी पर बज रहा था डीजे, विवाद के बाद हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

जेवरा-सिरसा पुलिस चौकी से महज 100 मीटर की दूरी पर युवक की हत्या का मामला सामने आया है। घटना में दो नाबालिग ने चौकी में पहुंचकर सरेंडर किया है। मृतक के शरीर पर नौ बार एक के बाद एक कर चाकू से वार करने का निशान मिले हैं। मामले में पुलिस ने हत्या का अपराध कायम कर जांच में लिया है। यहां के चौकी प्रभारी पुरषोत्तम कुर्रे हैं।

जेवरा सिरसा पुलिस ने बताया भाठापारा जेवरा सुरसा निवासी सागर ठाकुर 23 वर्ष नामक युवक गांव के गोंड सामुदायिक भवन में शादी समारोह में भोजन परोसने गया था। इस दौरान दो नाबालिग खाना खाने पहुंचे सागर जहां खाना परोस रहा था। दोनों आरोपी वहां पहुंचे और रसगुल्ला देने का डिमांड कर रहे थे। एक-दो बार रसगुल्ला लेने के बाद और मांग रहे थे। इसी बात को लेकर नाबालिग और सागर के मध्य पार्टी में ही विवाद हो गया। दोनों नाबालिग ने सागर को अपने साथ जेवरा सिरसा पुलिस चौकी के 100 मीटर की दूरी पर लेकर गए। जहां नाबालिग अपने पास पहले से चाकू रखकर आए हुए थे। सागर पर 9-10 बार चाकूओं से हमला कर दिया। घटना में सागर की मौके पर ही मौत हो गई। जिस तरह से नाबालिगो ने सागर की हत्या की उशसे प्रतीत हो रहा है कि पूरी तरह प्लान तैयार कर रास्ते से हटाया गया।बताया जा रहा है कि सागर समेत तीनों युवक आपस में दोस्त थे। घटना के समय आरोपी नशे में थे। खबर लगते ही फोरेंसिक एक्सपर्ट डॉ मोहन पटेल अपनी टीम के साथ पहुंचे थे. घटना स्थल और शव का बारिकी से जांच किया है। मौके पर एएसपी अभिषेक झा समेत पुलगांव थाना प्रभारी समेत जेवरा सिरसा पुलिस कर्मी मौजूद थे।

### दोनों नाबालिग आरोपी ने किया सरेंडर



### आरोपी के परिजनों का है अवैध कारोबार

मृतक के परिजनों का आरोप है कि सागर का हत्या करने वाले नाबालिग के परिजनों गांजा की तस्करी अर्से से जेवरा सिरसा पुलिस चौकी के करीब ही कर रहें है। लेकिन पुलिस खानापूर्ति के लिए कार्रवाई करती है। इसके कारण आरोपी का पुलिस के साथ तगड़ी सेटिंग के चलते पूरे गांव में अपनी दंबगई करता फिरता है। मगर पुलिस इसका कुछ नहीं करती है, इसका हौसला लगातार बढ़ने से ही सागर की हत्या हुई है और नाटकीय ढंग से नाबालिग ने पुलिस में स्वयं को सरेंडर कर दिया। एक तरफ जिले में नशा पर प्रतिबंध लगाने अभियान चलाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर जेवरा सिरसा पुलिस चौकी के नाक के नीचे अवैध रुप से गांजे की बिक्री जोरों पर चल रही है।

### पूर्व सरंपच ने सामुदायिक भवन में दी थी शादी पार्टी

मिली जानकारी के मुताबिक पूर्व सरपंच रीना गुलाब साहू के यहां शादी था। जिसका पार्टी गांव के सामुदायिक भवन में दिया गया था। जिसमें गांव के सभी लोग पहुंचे थे।जहां डीजे में जमर डांस भी किया गया। इधर खाना परसोने की जिम्मेदारी सागर ठाकुर को मिली थी।सागर अपने हिसाब से पार्टी में शामिल होने पहुंचे लोगों को खाना खिला रहा था। लेकिन सागर को नहीं पता था कि उसका यह पार्टी अंतिम होगा। मंगलवार की रात करीब 11.30 बजे दोनों नाबालिग नशे की हालत में पार्टी में पहुंचे और सागर से रसगुल्ले को लेकर विवाद करने लगे। विवाद इतना बढ़ गया कि सागर दोस्ती यारी के नाते उनके बुलाने पर उनके साथ गली की ओर चला गया। जैसे ही सागर उनके साथ आया नाबालिगों ने अपने साथ रखे चाकू से अंधाधुन वार करना शुरु कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई।

### सुरक्षा व्यवस्था की खुली पोल

सागर ठाकुर हत्याकांड के बाद से जेवरा सुरसा पुलिस की पोल खुल गई। जहां घटना की रात ही दो पक्षों में विवाद के मामले में चौकी को घेरने लोग पहुंचे थे। इसी दौरान चौकी के सौ मीटर की दूरी पर सागर की हत्या कर दी गई। लेकिन पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था अपडेट होती तो यह हत्या नहीं हो पाता। लेकिन जेवरा सिरसा पुलिस की इस घोर लापरवाही के चलते ही हत्या होने से इंकार नहीं किया जाता है।

### पेट्रोलिंग तक नहीं होती



मृतक सागर ठाकुर की बहन अमरिका धुर्वे और बुआ सीता ठाकुर ने आरोप लगाया है कि नाबालिग आरोपियों को पुलिस का संरक्षण है। तभी गांव में किसी के साथ भी दबंगई दिखाते फिरता है। गांव में पुलिस पेट्रोलिंग भी नहीं होती है। नाबालिग आरोपी गांव में हर किसी के साथ भिड़ता रहता है। उसके परिवार के लोग अवैध कारोबार करते है। इस कारण उनकी पुलिस में सेटिंग है। उनके घर पुलिस का आना जाना है। सागर की हत्या करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। गांव के लोगों में घटना के बाद से दहशत में है। पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था गड़ी होने से अपराधी किस्म के लोगों का आना जाना गांव में बंद होगा लेकिन यहां ऐसी व्यवस्था नहीं है।

### विवाद के बाद हुई हत्या

हत्या की जानकारी लगने पर मौके पर पुलिस पहुंची। नाबालिगों को पकड़ा गया है। सुरक्षा को लेकर पुलिस सजग है। शादी के पार्टी में विवाद के बाद घटना होने की जानकारी मिली है। जांच के बाद ही हत्या का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

**-अभिषेक झा,** एएसपी

## कार में लगाई आग, दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**भिलाई।** दूसरे से कार मांगकर लाया था। जिससे एक्सीडेंट हो गया। उसे बनाने को लेकर विवाद हो गया। थाने में शिकायत करने पर कार में तोड़फोड़ कर उसमे आग लगाने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के मुताबिक पीड़िता सुभद्रा गोस्वामी का आरोप है कि, पुलिस ने कार में तोड़फोड़ की घटना पर कोई एक्शन नहीं लिया। बल्कि दोनों पक्षों के खिलाफ अपराध कायम कर दिया। मनोज यादव ने 30 नवंबर को सुभद्रा गोस्वामी की कार ली थी। वो नशे में कार चलाते समय हादसे का शिकार हो गया। जब मनोज घर छोड़ने आया, तो सुभद्रा गोस्वामी उस पर चिल्लाने लगी। कार रिपेयर कराने के लिए बोलने लगी। इस पर मनोज यादव आक्रोश में आ गया। दोनों में जमकर विवाद हो गया एक-दूसरे के बीच जमकर गाली गलौज करने लगे। अगले दिन मनोज यादव का बेटा सुभद्रा गोस्वामी के घर गया और अपने पिता की ओर से माफी मांगकर मामला शांत करवा दिया। लेकिन 3 नवंबर को दोबारा विवाद शुरु हो गया। दोपहर में मनोज अपने दोस्तों के साथ पहुंचकर कार और बाइक में तोड़फोड़ करना शुरु कर दिया। जिसके बाद सुभद्रा गोस्वामी और उसका परिवार जेवरा सिरसा चौकी पहुंच गए। रात 8 बजे मनोज यादव फिर नशे में अपने दोस्तों के साथ गोस्वामी के घर पहुंच गया। बाहर खड़ी कार में डीजल डालकर आग लगा दिया।

## जामुल पुलिस ने जांच के बाद दर्ज किया अपराध

# पति और सास की प्रताड़ना से तंग आकर डॉक्टर ने लगाई थी फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

लव मैरिज करने के बाद पति और सास से प्रताड़ित होकर महिला डॉक्टर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस की जांच में यह खुलासा हुआ है। इसके बाद पुलिस ने पति तुषार और सास हेमलता चौधरी के खिलाफ धारा 306, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल टीआई कपिल देव पाण्डेय ने बताया कि जामुल निवासी डॉ. अनिता मेनन ने तुषार चौधरी के साथ मार्च 2023 को लव मैरिज की थी। शुरुआती दिनों में दोनों के बीच सब कुछ ठीक चल रहा था। समय बीतने पर पति और सास के साथ डॉ अंकिता का विवाद शुरू हो गया। लव मैरिज शादी के लिए ससुराल वाले राजी नहीं थे। इस कारण रोज आपस में विवाद हुआ करता था। इससे परेशान होकर डॉ. अंकिता ने ससुराल में 18 सितंबर 2023 को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी लगने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की। मृतका के परिजनों का बयान दर्ज कर जांच करने के बाद पुलिस को जानकारी मिली कि डॉ. अंकिता पति तुषार और सास हेमलता चौधरी के प्रताड़ना से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। साल भर बाद पुलिस ने जांच करने के बाद पति और सास के खिलाफ अपराध कायम किया है। पति तुषार प्राइवेट काम करता है। बताया जा रहा है कि शादी के 6 माह बाद ही प्रताड़ना शुरु हो गया था। बताया गया कि डॉ अंकिता के दूसरे लोगों से फोन पर बात करना उसके पति तुषार को पसंद नहीं था। इस कारण दोनों विवाद शुरु हुआ था। पति उसके चरित्र और सास उसे प्रताड़ति किया करती थी।

- 18 सितंबर 2023 को ससुराल में लगा ली थी फांसी

## कुम्हारी में खाद्य विभाग ने पकड़ा

# पीडीएस चावल की तस्करी संदेह के कारण लिया सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

अवैध रुप से सरकारी चावल को बेचने की शिकायत मिल रही थी। कुम्हारी के एक दुकान में भारी मात्रा में यह चावल मिला है। जानकारी लगने पर खाद्य विभाग ने चॉवल के सेम्पल को लेकर गई है। जांच के बाद ही जब्त चावल पीडीएस का है या नहीं। मिली जानकारी के मुताबिक कुम्हारी स्थित प्रभात चौक में के पास शुभम सिन्हा नामक व्यक्ति के पास से चावल का भंडार मिला है। उक्त चावल को दुकान से बेचा करता था। शिकायत के बाद खाद्य निरीक्षक व गुणवत्ता निरीक्षक, कुम्हारी पुलिस मौके पर पहुंची थी। जां से 45 कट्टा चॉवल,गेंहू 8 कट्टा, धान 5 कट्टा, चना 20 कि ग्राम मिला है। जिस तरह से यह सामान मिला है इससे इंकार नहीं किया जा सकता है। सरकारी सामानों को यहां लाकर बेचा जा रहा है। अइवैध रुप से बिना लाइसेंस के यहां रखा गया था। जिले में लंबे समय से पीडीएस चावल की तस्करी चल रही है। इसे लेकर खाद्य विभाग कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति ही करती आई है। इसके साथ ही साथ पीडीएस चॉवल की तस्करी भिलाई-चरोदा में भी लंबे अर्से से किया जा रहा है। खाद्य विभाग की मेहरबानी के चलते कारोबार बेखौफ तरीके से किया जा रहा है। सरकारी राशन दुकानों से चावल की तस्करी दलालों द्वारा किया जा रहा है।



- दुकान से मिला भारी मात्र में चावल

## दुर्ग में मालवीय नगर व भिलाई में पावर हाउस में सजा तिब्बतियों का बाजार

# सर्दियों के लिए वुलन मार्केट गुलजार, जैकेट और स्वेटर ट्रेंड में

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

ट्विनसिटी में जैसे-जैसे ठंड बढ़ने लगी है, वैसे-वैसे गर्म कपड़ों का बाजार सजने लगा है। भिलाई में पावर हाउस और टाउनशिप के अलग-अलग हिस्सों में तिब्बतियों ने डेरा डाल लिया है। वहीं दुर्ग में साइंस कॉलेज के सामने, मालवीय नगर चौक और शहीद चौके आसपास गर्म कपड़ों की दुकानें सजकर तैयार हो गई है। इस बार उनके स्वेटर, जैकेट और टी-शर्ट खासी चर्चा में हैं। ये गर्म कपड़े ठंड में खासी राहत दे रहे हैं। शहर सहित जिले भर में सर्दी ने अपनी दस्तक दे दी है। सुबह-शाम सर्दी का एहसास होने लगा है। ऐसे में सर्दी को देखते हुए तिब्बतियों के गर्म कपड़ों की डिमांड बढ़ गई है। तिब्बती और नेपाली दुकान सजा रहे हैं। अच्छी ठंड की संभावना को देखते हुए इस बार दुर्ग-भिलाई में 100 से ज्यादा दुकानें लगी हैं।





### गर्म कपड़ों की कई वैराइटी उपलब्ध

तिब्बती व्यापारी ने बताया कि करीब 40 सालों से हमारा तिब्बत से 9 से 10 परिवार व्यापार करते हुए आ रहा है। हर साल सर्दी के समय हम चार महीने के लिए व्यापार करने आते हैं। हर साल हम यहां पर नए फैशन लेकर आते हैं। वहीं अगर कीमत की बात की जाए तो हमारे पास 400 से शुरू होकर 2000 रुपए तक के गर्म कपड़े उपलब्ध हैं। क्वालिटी अच्छी है, जो साल भर तक खराब नहीं होते हैं। जैकेट के अलावा पुरुषों के लिए स्टाइलिश स्वेटर, ट्रैक सूट, महिलाओं के लिए शॉल कार्डिगन और फैंसी स्वेटर की बड़ी रेंज दुकानों पर उपलब्ध हैं। सर्दी शुरू हो चुकी और सर्दी के हिसाब से यहां जैकेट उपलब्ध हैं।

### 40 सालों से व्यापार करने आ रहे तिब्बती

सोनमा बताती हैं कि तिब्बती गर्म कपड़ों का बाजार पिछले करीब 40 साल से लगा रहा है। वह साल में एक बार ही चार महीनों के लिए भारत के मैदानी भागों में तिब्बती कपड़ों का बाजार लगाते हैं। इसके लिए भारत सरकार की तरफ से खास अनुमति दी जाती है। वहीं शहर में वह अपने बाजार के लिए खुद ही साफ-सफाई करते हैं और फिर मार्केट सजाते हैं। हमारे कुछ लोग मेनपाट अंबिकापुर और अन्य स्थलों से आकर भी बाजार में दुकानें लगाते हैं। चार महीने तक वे दुकान लगाते हैं।


## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

## खबर संक्षेप

### डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर दी श्रद्धांजलि



**दुर्ग।** कायस्थ सभा दुर्ग द्वारा 3 दिसंबर को भारत रत्न प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की 141वीं जयंती के अवसर पर राजेंद्र पार्क में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वे संविधान निर्माता, अग्रणी स्वतँत्रता सँग्राम सेनानी, वरिष्ठ पत्रकार एवं वकील रहे। इस अवसर पर कायस्थ के अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव, सचिव हर्षवर्धन श्रीवास्तव, साँस्कृतिक सचिव प्रशांत श्रीवास्तव, सचिव सुमित श्रीवास्तव, पीबी सक्सेना, संतोष खरे, आनंद श्रीवास्तव एवं उद्यान विभाग के अनिल सिंह उपस्थित रहे।

### आवारा कुत्तों को पकड़ने आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



**दुर्ग।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष (शहर) संजय सिंह के नेतृत्व में पार्टी ने आयुक्त सुमीत अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा हैं। उन्होने शीघ्र अतिशीघ्र अभियान चलाकर आवारा कुत्तों के आतंक से शहर को मुक्ति दिलाने की मांग की हैं। साथ ही पूर्व में बने डाग हाऊस, और कुत्तों की नसबंदी के नाम पर किये जा रहे खानापूर्ति की जांच की मांग की हैं। इस दौरान प्रमुख रूप से प्रदेश संयुक्त सचिव देवेन्दर सिंग भाटिया, जिला अध्यक्ष संजय सिंह, अशोक पटवा, शंकर ठाकुर, बल्देव साहू, आनन्द नरेरा, नकुल महलवार, मो. शाहिद खान, अजय रामटेके, रानू भूपेन्द्र कश्यप, सत्तार खान, उचित राम डहरिया, रामू रामटेके, चैतुराम धृतलहरे, सुरेश साहू उपस्थित थे।

### स्कूल में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**दुर्ग।** पीपरछेड़ी गांव के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में हंसराज नवयुवक मंडल के सदस्यों द्वारा विद्यार्थियों को पेन व चाकलेट वितरण किया गया। नशा, अपशब्दों का प्रयोग ना कर अच्छे से पढ़ाई करने की समझाईश दी गई, वही दूसरों की मदद करने की शपथ दिलवाकर दिव्यांगजनों की सहायता करने हेतु प्रेरित किया गया। जिसमें विद्यालय के सेवानिवृत्त प्राध्यापक उमेश कुमार साहू व वर्तमान प्राध्यापक वासुदेव पटेल व विद्यालय के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहें। हंसराज नवयुवक मंडल के प्रेम चंद्राकर, छविकांत बाघे, प्रीति पांडे, जितेन्द्र वाघमारे व जयवर्धन की उल्लेखनीय सहभागिता रही। इस कार्यक्रम में योगविद्या प्रशिक्षक कविता पांडे व विधिक सहायता केंद्र की पैरालीगल वालिंटियर एकता भदौरिया ने भी आवश्यक बातें बताकर बच्चों को जागरूक किया।

### पंडवानी मेला आज

**दुर्ग।** पद्मश्री स्व पूनाराम निषाद द्वारा स्थापित संस्था लोक कला मंच पंडवानी रिंगनी का 45 वां स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर पंडवानी मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से 5 दिसम्बर को ग्राम कोटनी में आयोजित की जाएगी। मुख्य अतिथि ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर, ताम्रध्वज साहू होंगे।

# आठ सौ मकान बनाने मिली अर्जी, तीन सौ आवेदकों से साध रहे संपर्क

**बडी संख्या में पीएम आवास के लिए आवेदन, दफ्तरों में लग रही भीड़**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत अब तक आठ सौ से अधिक आवेदन मिल गए हैं। वही ऐसे आवेदक जो कई साल पहले आवेदन कर चुके है। उनसे संपर्क साधने में निगम प्रशासन जूट गई हैं। पुराने आवेदको ने नए मापदंड के अनुसार आय व जाति प्रमाण पत्र नही दिया था। अब ऐसे लोगों का निगम कर्मचारी पडताल कर रहे हैं। जिससे अफसरों के पसीने छूट गए हैं।

उल्लेखनीय है कि, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत हितग्राहियों को आय व जाति प्रमाण पत्र देना अनिवार्य कर दिया गया हैं। जिससे लोगों को तकलीफ तो हो रही है, लेकिन उन्हें पर्याप्त मोहलत भी दिया जा रहा हैं। राज्य शासन के नगरीय निकाय प्रशासन द्वारा एक आदेश जारी कर ऐसे लोगों की सुनवाई करने कहा गया हैं, वही उन्हें वंचित करने के पहले पर्याप्त मोहलत भी देने की बात कही गई हैं। पिछले दस दिनों से शहर के साठ वार्डो में निगम के दो दर्जन कर्मचारियों द्वारा डोर टू डोर सर्वे किया जा रहा हैं। अब तक आठ सौ से अधिक आवेदन पहुंच गए है। जिसकी जांच निगम के कर्मचारियों द्वारा डाटा सेंटर में की जा रही हैं।

#### हितग्राहियों से मांग रहे ये दस्तावेज

पीएम आवास शहरी 2.0 में 31 अगस्त 2024 के पूर्व से निकाय क्षेत्र में निवासरत हो। एक लाभार्थी परिवार में पति, पत्नि एवं उनके अविवाहित बच्च शामिल होंगे। सम्पूर्ण भारत में कहीं भी कोई पक्का आवास ना हो। शहरी या ग्रामीण क्षेत्र में पिछले 20 वर्षों में केन्द्र सरकार के किसी भी आवास योजना के तहत आवास आवंटन का लाभ नहीं पाया हो। सम्पूर्ण परिवार की वार्षिक आय 3 लाख से कम हो। इसके लिए आवेदक व सदस्यों, माता पिता का आधार कार्ड, सक्रिय बैंकः खाता जो आधार से जुडा हो, आय प्रमाण पत्र (राजस्व अधिकारी द्वारा प्रमाणित) जाति प्रमाण पत्र (अनुसुचित जाति, अनुसुचित जनजाति या अन्य पिछडा वर्गके मामले में) जैसे दस्तावेज मांगे जा रहे हैं।



#### आज से आयुष्मान कार्ड बनाने सर्वे

पीएम आवास के आलावा आज से शहर 11 वार्डो में आयुष्मान कार्ड सत्तर प्लस के लिए बचे हितग्राहियों को लाभ देने पांच व छः दिसंबर को डोर टू डोर सर्वे कराया जाएगा। इसके लिए मितानिनों और आंगनबाडी सहायिकाओं की ड्यूटी लगाई गई हैं। शहर के सिकोलाभांठा, लंगूरवीर मंदिर वार्ड, चंडी मंदिर वार्ड, मठपारा उत्तर गया नगर, पचरीपारा, रामदेव मंदिर, आजाद वार्ड, बाबा गुरूघासीदास, राजीव नगर, स्टेशन पारा और सिविल लाइन दक्षिण में सर्वे किया जाएगा। दुर्ग जिले में 87779 बुजूर्गो का कार्ड बनाना है, जिसमें अब तक 12 हजार कार्ड बन चुके हैं।

**तैयारी: बीसीसीआई के साथ साझेदारी में रविशंकर स्टेडियम का होगा कायाकल्प**

# रविशंकर स्टेडियम बनेगा इंटरनेशनल क्रिकेट ग्राउंड, लीज पर लेगी बीसीसीआई

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

क्रिकेट प्रेमियों को आने वाले दिनों में बडी सौगात मिलने वाली हैं। शहर के ऐतिहासिक पं रविशंकर स्टेडियम अब अंतराष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट मैदान बनेगा। जिला क्रीडांगन समिति की बैठक में जानकारी दी गई कि, आगामी 33 साल के लिए स्टेडियम मैदान को बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड) को लीज पर दी जाएगी।

माना जा रहा हैं कि, बीसीसीआई की टीम जल्द ही स्टेडियम मैदान को अपने निगरानी में लेकर मापदंड के अनुसार कार्य कराएगी। बहरहाल जिला प्रशासन द्वारा इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

उल्लेखनीय है कि, पं रविशंकर स्टेडियम के जीणोध्दार की लगातार मांग की जा रही थी। जर्जर स्थिति में तब्दील इस मैदान को लेकर खेल प्रेमियों में भी निराश झलक रही थी। इस मसले को लेकर विधायक गजेन्द्र यादव ने बीसीसीआई से लगातार संपर्क में रहे और अंततः विधायक का प्रयास सफल हुआ हैं। विधायक श्री यादव ने बताया कि, यह दुर्ग के खिलाडियों के लिए बडी उपलब्धि होगी।

बीसीसीआई के मापदंड अनुसार खेल मैदान बनने से यहां मैच भी अंतराष्ट्रीय स्तर के होगें। यहां रणजी लेवल व टेस्ट मैच भी होगें। इससे दुर्ग की पहचान खेल की दृष्टिकोण से देश नही बल्कि अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोडेगी। उन्होने बताया कि, जल्द ही दिल्ली से टीम यहां निरिक्षण के बाद आगे की कार्यवाही करेगी।

**जिला क्रीड़ांगन समिति की बैठक में कलेक्टर ने दी साझेदारी की जानकारी**



#### कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्टोरेट सभा कक्ष में जिला क्रीडांगन निर्माण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने जिला क्रीडांगन समिति में नए सदस्यों के मनोनयन, रविशंकर स्टेडियम के जीर्णाद्धार एवं निर्माण कार्य, लीज प्रक्रिया, युवा उत्सव आयोजन एवं अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा कर संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। बैठक में जिला क्रीडांगन समिति में नये सदस्यों को शामिल करने हेतु प्रस्ताव रखा गया, जिस पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव, विधायक अहिवारा डोमनलाल कोर्सेवाड़ा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल भी उपस्थित थे।

#### 33 साल की लीज पर देंगे मैदान

विधायक गजेन्द्र यादव ने बताया कि, इससे पहले रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतराष्ट्रीय स्टेडियम को भी बीसीसीआई ने निगरानी में लिया है। वही बिलासपुर में भी बीसीसीआई के जरिए भी मैदान तैयार किए जाने की तैयारी हैं। ठीक इसी तरह दुर्ग में भी बीसीसीआई कार्य करेगी। कलेक्टर ने अवगत कराया कि, रविशंकर स्टेडियम को 33 साल के लिए बीसीसीआई को लीज पर दिया जाएगा। बीसीसीआई द्वारा स्टेडियम को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित किया जाएगा। जिससे खेल के क्षेत्र में इसे नई पहचान मिलेगी। उन्होने कहा स्टेडियम में खेल के अतिरिक्त अन्य कार्यक्रम या स्टेडियम के आस-पास अन्य असमाजिक गतिविधियां न हो इस बात का विषेष ध्यान रखा जाए।

#### ऐसे समझे बीसीसीआई के मापदंड

बीसीसीआई का मतलब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड हैं। यह भारत में क्रिकेट का शासी निकाय है। इसकी स्थापना दिसंबर, 1928 में हुई थी, जिसका मुख्यालय मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में है। बीसीसीआई, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) से जुड़ा है। बीसीसीआई, दुनिया का सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड है। यह घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय क्रिकेट के लिए ज़िम्मेदार है। पुरुष और महिला दोनों ही अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए भारतीय क्रिकेट टीमों के लिए खिलाड़ियों का चयन करता है। बीसीसीआई, आईपीएल जैसे टूर्नामेंट का भी आयोजन कराता है।

**बड़ी सौगात**



दुर्ग के खेल प्रेमियों के लिए यह बडी सौगात हैं। बीसीसीआई से इसके लिए लगातार संपर्क में रहा। अन्तत: इसकी सहमति दे दी गई हैं। जल्द ही प्रक्रिया आगे बढेगी।
**-गजेन्द्र यादव,** शहर विधायक दुर्ग

### कलेक्टर ने तहसीलदार को हटाया, प्रफुल्ल को जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- अवैध प्लाटिंग में नामांतरण करना पडा भारी

तहसीलदार पंचराम सलामे को कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने एक आदेश जारी कर हटा दिया हैं। कलेक्टर ने दुर्ग तहसीलदार पद से हटाकर उन्हें भिलाई नगर भेज दिया हैं। वही अब दुर्ग तहसीलदार के पद पर प्रफुल्ल गुप्ता को जिम्मेदारी दी गई है।

पिछले दिनों नगरनिगम आयुक्त सुमीत अग्रवाल द्वारा अवैध प्लाटिंग मामले में नोटिस जारी की गई थी। लेकिन तहसीलदार पंचराम सलामे द्वारा दावा आपत्ति और सुनवाई तिथि के पहले ही प्रमाणीकरण कर दिया था। जिसकी शिकायत कलेक्टर तक हुई थी। माना जा रहा था कि, इस मामले में तहसीलदार पर बडी कार्यवाही हुई हैं। उनके जगह पूर्व में पदस्थ रहे तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता को जिम्मेदारी दी गई हैं। उल्लेखनीय है कि, तहसीलदार श्री सलामे को लेकर लगातार शिकायत मिली रही थी। उनके द्वारा पेडिंग प्रकरणों का भी समय पर निराकरण नही किया जा रहा था। दुर्ग तहसील में सैकडों प्रकरण लंबित है। कलेक्टर के निर्देश के बाद भी सुनवाई नही करना भारी पडा।

#### कार्रवाई से मचा हड़कंप

हरिभूमि द्वारा अवैध प्लाटिग मामले में नामांतरण किए जाने के मामले को एक दिसंबर को प्रकाशित किया था। उसके दूसरे ही दिन कलेक्टर ने दो दिसंबर को सिंगल आदेश निकालकर तहसीलदार को हटा दिया हैं। कलेक्टर के इस कार्यवाही से राजस्व अफसरों में हडकंप हैं। विगत दिनों टीएल की बैठक में कलेक्टर ने लंबित प्रकरण के निपटारे के लिए तेरह दिसंबर तक की मोहलत दी गई हैं। मामलों का निपटारा नही होने पर कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

### चेस टूर्नामेंट 18 दिसंबर से

**दुर्ग।** ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के निर्देशन व छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ एवं महासचिव विनोद राठी के मार्गदर्शन में राजनांदगांव जिला शतरंज संघ द्वारा आगामी 18 से 22 दिसंबर तक अग्रसेन भवन राजनांदगांव में स्मार्ट गर्ल्स आल इंडिया फीडे रेटेड ओपन शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर स्मार्ट गर्ल्स के रूप में अब तक के 1 लाख इनामी राशि की यह सबसे बड़ी स्पर्धा है।

## सरस्वती शिशु मंदिर में गणित, भौतिक एवं विज्ञान विषय पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- दुर्ग-राजनांदगांव के 77 व्याख्याता व प्राचार्य हुए शामिल



गणित भौतिक एवं विज्ञान विषय का दुर्ग-राजनांदगांव विभाग का एक दिवसीय कार्यशाला सरस्वती शिशु मंदिर उमा विद्यालय कसारीडीह में आयोजित किया गया। जिसमें दुर्ग एवं राजनांदगांव विभाग के सरस्वती शिशु मंदिर के कक्षा नवम से द्वादश तक गणित भौतिक एवं विज्ञान विषय के अध्यापन कार्य कराने वाले 77 व्याख्याता व प्राचार्य उपस्थित रहें। कार्यक्रम सरस्वती शिक्षा संस्थान छग रायपुर के आग्रह पर डायरेक्टर डीपीआई रायपुर आशुतोष चावरे तथा संयुक्त संचालक दुर्ग अमित घोष, एसण्सीईआरटी हारेंद्र सिंह भुआल विषय समिति समन्वयक रायपुर तथा सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर के प्रादेशिक सचिव विवेक सक्सेना सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ के प्रांत प्रमुख गौरी शंकर कटकवार. दुर्गा विभाग के विभाग समन्वयक दीपक सोनी, राजनांदगांव विभाग सह विभाग समन्वयक दीपक यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्घाटन सरस्वती वंदना के साथ हुआ। अतिथि परिचय जिला समन्वयक शत्रुघ्न देवांगन द्वारा किया गया। आशुतोष चावरे ने बोर्ड परीक्षा की तैयारी हेतु दिशा निर्देश और तथा आचार्यो, प्राचार्यों से परीक्षा की समीक्षा किस प्रकार करते हैं इस पर चर्चा व बातचीत की। इसी प्रकार टॉप टेन में किस प्रकार स्थान ला सकते हैं। अमित घोष ने बोर्ड परीक्षा परिणाम कैसे सुधारे इस विषय पर मार्गदर्शन प्रदान किए। हारेंद्र सिंह भुआल ने ब्लू प्रिंट पर विस्तारपूर्वक तथा 3, 4 अंकों के प्रश्नों की तैयारी कैसे करें। जनवरी माह में केवल कमजोर बच्चों को ही अध्यापन पर विशेष ध्यान दें कि उन्हें अनुत्तीर्ण होने से किस प्रकार रोक सकते है व केवल उन्हें उतनी ही तैयारी करवाए जिससे वे पास हो सकें। वार्षिक परीक्षा के पूर्व पूरे पाठ्यक्रम को कमजोर बच्चों को नहीं पढ़ाना चाहिए। उक्त अवसर पर स्थानीय समिति के वह सचिव अरविंद सुराना कोषाध्यक्ष, पूनम चंद जैन विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती कृपा शर्मा प्रधानाचार्य, सुनील श्रीवास्तव व व्यवस्था में लगे समस्त आचार्य दीदी उपस्थित थे।

### आदित्य नगर में फूटकर व्यापारी कर रहे कब्जा

**दुर्ग।** आदित्य नगर चौक में फुटकर व्यापारियों द्वारा फुटपाथ पर ही अवैध कब्जा कर व्यवसाय किया जा रहा है। फुटपाथ के अलावा उनके ठेले खोमचे अब रोड तक फैल गया है। जिसकी वजह से आने जाने वाले लोगों को ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ रहा है। बार-बार वाहन दुर्घटना की भी लगातार आशंका बना रहती है, क्योंकि मोड पर विपरीत दिशा से आने वाले वाहन अतिक्रमण के कारण नजर नहीं आते जिसकी वजह से आए दिन वाहनों में भिड़ंत होते रहता है। इस संबंध में नगर निगम के अतिक्रमण शाखा से भी शिकायत किया जा चुका है, लेकिन अभी तक अतिक्रमण हटाने के लिए कोई कार्रवाई नहीं किया जा रहा है। जिसकी वजह से आम नागरिकों में फुटकर व्यापारियों एवं नगर निगम के प्रति आक्रोश व्याप्त है। वार्डवासियों द्वारा जल्द से जल्द अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने का भरोसा है।

## छात्रों ने रैली निकालकर किया एड्स और नशामुक्ति के लिए जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- नशे के दुष्प्रभावों से लोगों को कराया अवगत




शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS), एनसीसी एवं रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में विश्व एड्स दिवस एवं नशा मुक्त भारत अभियान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज को एड्स के प्रति जागरूक करना और नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना था।

कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसएन झा के प्रेरणादायक उद्बोधन से हुई। जिसमें उन्होंने समाज में एड्स और नशे की समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए जागरूकता अभियान के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ जनेंद्र दीवान ने एड्स की रोकथाम, इसके मिथकों और सही जानकारी को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विद्यार्थियों और प्रतिभागियों को नशा छोड़ने और इसके दुष्प्रभावों को समझाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय से हेमचंद विश्वविद्यालय तक रैली, मानव श्रृंखला जैसे गतिविधियों के माध्यम से संदेश फैलाया गया। विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का समापन रेड रिबन शपथ ग्रहण के साथ हुआ, जिसमें सभी ने एड्स से बचाव और नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के संयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ मीना मान, तरुण साहू, सुदेश साहू एवं एनसीसी के लेफ्टिनेंट एवं रेडक्रॉस के समन्वयक प्रशांत दुबे का विशेष योगदान रहा। यह आयोजन महाविद्यालय के सामाजिक दायित्व और एन.एस.एस एवं एन. सी.सी. एवं रेडक्रॉस के विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वयंसेवक सतेक, रितिक, मिनेश, द्रविड़, दीपांकर, मो.आदिल, हितेन, निमिष, रागिनी, भावना, चंचल, कुसुम आदि की सक्रिय भागीदारी रही।

**सुकन्या समृद्धि योजना के तहत हितग्राहियों को मिलेगा लाभ**

# अभियान चलाकर 10340 बालिकाओं का खाता खुलवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- जिला प्रशासन ने चलाया था अभियान

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार सुकन्या समृद्धि योजना अंतर्गत 6 नवंबर से 30 नवंबर 2024 तक बालिकाओं का खाता खोलने हेतु अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों दोनों में बेटियों की शिक्षा और भविष्य को आर्थिक रूप से सुरक्षित करना है।

महिला एवं बाल विकास विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में माह नवम्बर 2024 में सुकन्या समृद्धि योजना अंतर्गत महतारी वंदन योजना से लाभांवित हो रही महिलाओं के सहयोग से 10340 बालिकाओं का खाता खुलवाया गया। अब तक वित्तीय वर्ष 2024-25 में 14887 बालिकाओं का सुकन्या समृद्धि योजना अंतर्गत खाता खुलवाया जा चुका है। जिले के पाटन विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सांतरा एवं अचानकपुर में लगभग सभी बालिकाओं का सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाता खुलवाया जा चुका है। इस अभियान में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय शर्मा, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुश्री शैल ठाकुर तथा समस्त परियोजना अधिकारियों, पर्यवेक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिला प्रशासन के द्वारा सम्मानित किया गया है।

#### दस वर्ष में खोले जाते हैं खाते

बालिकाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उनकी शिक्षा व विवाह हेतु बचत को प्रोत्साहित करने के लिए यह योजना संचालित है। इस योजना के अंतर्गत खाता बालिका के नाम पर 10 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक खोला जा सकता है एवं एक बालिका के नाम पर एक ही खाता डाकघरों और अधिकृत बैंकों में खोला जा सकता है। प्रत्येक वित्तीय वर्ष में न्यूनतम जमा राशि 250 रूपये एवं अधिकतम जमा राशि 1.50 लाख रूपये है। इसमें ब्याज दर सामान्य ब्याज दरों की तुलना में अधिक होती है।



#### डाकघरों की भी रही भागीदारी

योजना के क्रियान्वयन के तहत, जिले के 59 सेक्टरों में डाकघरों की मदद से 118 विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमें अभिभावकों को योजनाओं की जानकारी दी गई और बेटियों के लिए खाता खोलने की प्रक्रिया को सरल बनाया गया। विशेष रूप से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर जानकारी दी गई और लोगों को प्रोत्साहित किया गया। जिला प्रशासन ने अपील की है कि, अधिक से अधिक अभिभावक इस योजना का लाभ उठाएं और अपनी बेटियों के भविष्य को सशक्त बनाएं।

## स्कूलों में किया गया परख परीक्षा का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले के 94 सरकारी और निजी स्कूलों में परख परीक्षा का बुधवार को आयोजन किया गया। इस दौरान बडी संख्या में पांचवी, छटवी और नवमी के छात्रों ने बढ चढकर भाग लिया। डीईओ अरविंद मिश्रा धमधा, आर्यनगर और दीपक नगर में निरिक्षण करने पहुंचे थे। जहां शांतिपूर्ण तरीके से स्कूल प्रबंधन द्वारा परख परीक्षा का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि, एनसीआरटी द्वारा प्रदेशभर में चार दिसंबर को चयनित बच्चों के बीच परख परीक्षा का आयोजन कराया गया।

## खबर संक्षेप

### श्रीमद् भागवत कथा का दिव्य आयोजन 9 से

**अंडा।** गायत्री ज्ञान मंदिर एवं समस्त ग्रामवासी कुथरेल के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ एवं गायत्री महायज्ञ का आयोजन 9 दिसंबर से 17 दिसंबर तक ग्राम कुथरेल में किया जा रहा है। हर वर्ष आध्यात्मिक आयोजनों को लेकर गायत्री परिवार हमेशा सक्रिय रहा है जिसके चलते पिछले वर्ष शिव महापुराण कथा का आयोजन भी किया गया था जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण किया।

## निधन

### पंचूराम साहू

**सेलूद।** सेलूद के बाजार चौक निवासी पंचूराम साहू उम्र 70 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार 4 दिसम्बर को शाम 4 बजे हाईस्कूल मैदान के पास मुक्तिधाम में किया गया। वे गोपाल साहू व विष्णु साहू के पिता व योगेन्द्र साहू, विकास साहू व केतन साहू के दादा थे।



### गैंदराम देवांगन

**दुर्ग।** जागृति चौक विजय नगर वार्ड-12 निवासी गैंदाराम देवांगन (83 वर्ष) का बुधवार की सुबह निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे दिनेश देवांगन, विजय देवांगन के पिता और राहुल, धनराज, विकास, सोनू, वासु के दादा थे।



### सुशीला पाल

**भिलाई।** मैत्री नगर निवासी सुशीला पाल उम्र 72 वर्ष, पति स्वर्गीय आरएल पाल का निधन 4 दिसंबर को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 5 दिसंबर को सुबह 10 बजे रिसाली मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अपने पीछे पुत्र सुरेन्द्र पाल, महेंद्र पाल बीजेपी रिसाली मंडल पूर्व महामंत्री, संदीप पॉल, संजय पाल सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई है।



### कांग्रेस के धान खरीदी केंद्र चलो अभियान की शुरुआत

# डंगनिया सोसायटी में 19 दिन में मात्र 8980 क्विंटल धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

प्रदेश जिला कांग्रेस कमेटी निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पाटन के तत्वाधान में धान खरीदी केन्द्र चलो अभियान के तहत सेवा सहकारी समिति डंगनिया (ख) में दुर्ग

■ अन्नदाताओं के समस्याओं का समाधान नहीं होने पर कांग्रेस ने सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ने का आश्वासन किसानों को दिया

जिपं उपाध्यक्ष अशोक साहू, विधायक प्रतिनिधि किशोर साहू, सेक्टर प्रभारी डॉ. केके साहू, नरेंद्र वर्मा सरपंच प्रतिनिधि एवं कांग्रेसजन पहुंचे।

किसान पवन साहू और श्रीराम साहू ने बताया कि टोकन के लिए विगत 10 दिनों से चक्कर काट रहे लेकिन सफलता नहीं मिली।

#### साय सरकार की नियत खरीदने की नहीं हैः अशोक



कांग्रेस नेताओं ने सोसायटी प्रभारी प्रबंधक युवराज साहू से धान खरीदी की विस्तार से जानकारी ली। जानकारी एवं किसानों से चर्चा के बाद जिपं उपाध्यक्ष अशोक साहू ने कहा कि 19 दिनों में मात्र 8980 क्विंटल धान खरीदी हुई है। मतलब साय सरकार की नियत पूरे धान खरीदने की नहीं है। अब आगामी 56 दिनों में 51020 क्विंटल की धान खरीदी कैसे हो पाएगी।

परिवहन आज तक की स्थिति में चालू नहीं हो पाई है। टोकन व्यवस्था में सुधार नहीं है, बारदाना की भविष्य में किल्लत दिखाई पड़ रही है। उन्होंने आगे कहा कि अन्नदाताओं के समस्याओं का समाधान नहीं होने पर कांग्रेस द्वारा सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ने का आश्वासन किसानों को दिया।

इस दौरान दिनेश साहू, लीलाधर यादव,खोरबाहरा साहू, सोहन वर्मा, मंथीर साहू, पवन साहू, महेश साहू, खोमन ठाकुर, यानेंद्र ठाकुर, वासुदेव साहू, चंद्रकांत निर्मल, गुहलेद यादव, कुमार सेन, गजाधर आडिल, बलराम यादव, खूबचंद आडिल, संजय नागरची, रूपेंद्र वर्मा, पुरण ढीमर, किसान सहित सोसायटी के कर्मचारी उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### सौरभ बने डिप्टी कलेक्टर



**कुम्हारी।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग परिणाम जारी होने के बाद पदों पर चयनित अभ्यार्थियों की सूची जारी की गई है। मेरिट सूची में आने वाले 8 अभ्यर्थियों का डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयन हुआ है, इनमें से एक सौरभ दीवान भी हैं जो डिप्टी कलेक्टर पद के लिए चयनित हुए। उन्होंने इस उपलब्धि को पांचवें प्रयास में हासिल की है। उन्हें 2023 सीजीपीएससी परीक्षा में 280 वां रैंक प्राप्त हुआ, वहीं उन्हें आरक्षित कोटे के अंतर्गत दूसरा स्थान प्राप्त हुआ और डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित हुए हैं। मूलतः महासमुंद जिले के ग्राम पटेवा निवासी डॉ. जीसी दीवान एवं द्रौपदी दीवान के पुत्र सौरभ का जन्म पटेवा ग्राम में हुआ । चूंकि माता-पिता की इच्छा थी कि सौरभ की शिक्षा दीक्षा उत्कृष्ट हो इसलिए उन्होंने कुम्हारी निवासी अपनी बहन जीडी ठाकुर एवं दमाद डॉ. बीएल ठाकुर के यहां बाल्यावस्था में ही सौंप दिया। अपने बुआ के यहां रहकर एकाग्र होकर पढ़ाई करते हुए सौरभ दीवान ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा कुम्हारी स्थित विद्या ज्योति इंग्लिश मिडियम स्कूल से की। वहीं उच्च शिक्षा मेकेनिकल इंजीनियर बीआईटी दुर्ग से पूर्ण होने बाद दिल्ली आईएएस कोचिंग बिलासपुर से तैयारी कर अंततः लक्ष्य प्राप्त कर लिया। सौरभ का डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयन उनकी बौद्धिक कुशाग्रता और लक्ष्य प्राप्ति के प्रति लगन का ही परिणाम है। वहीं परिवार के सभी सदस्य इस उपलब्धि से हर्षित व गौरव का अनुभव कर रहे हैं । सौरभ इस सफलता का श्रेय अपनी बुआ-फूफा के साथ अपने माता-पिता द्रोपती दीवान एवं डॉ. जीसी दीवान के अतिरिक्त अपने गुरुजनों व मित्रों को देते हैं।

## रक्त दान और निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 7 को



**सेलूद।** प्रिज्म कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी एवं एचडीएफसी बैंक के संयुक्त तत्वावधान से रक्त दान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन 7 दिसम्बर को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक प्रिज्म संस्थान में किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि रामकली यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता छग गृह मंत्रालय, विशेष अतिथि डॉ. डीएस रघुवंशी, एनएसएस समन्वयक, सीएसवीटीयू.भिलाई उपस्थित रहेंगे। इस शिविर में नेत्र परीक्षण, दंत जांच, रक्त शर्करा, रक्त समूह, हीमोग्लोबिन, रक्तचाप आदि की निःशुल्क जांच की जाएगी। शिविर में रुंगटा डेंटल कॉलेज से डॉ. कर्णिका डेंटिस्ट, डॉ. मानसिंग यादव सेलूद हॉस्पिटल, डॉ. मनीष यादव मेकाहारा एवं सईद अख्तर नेत्र जांच अपनी सेवाएं देंगे। रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा रक्त दान शिविर का संचालन किया जायेगा। कार्यक्रम संस्था के अध्यक्ष रुपेश कुमार गुप्ता, डायरेक्टर ख्याति साहू, प्रिंसिपल सीमा कश्यप के मार्ग दर्शन में क्रियान्वित किया जाएगा।

## विद्यार्थियों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन संकुल केंद्र उतई-पुरई-डुंडेरा के तत्वावधान में राष्ट्रीय भारतीय हाई स्कूल डुंडेरा में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आठ निजी विद्यालयों दीपशिखा विद्यालय डुमरडीह उतई, नवमंगल हाई स्कूल पुरई, राष्ट्रीय भारतीय हाई स्कूल डुंडेरा, महर्षि विद्या मंदिर पुरई, कुसुम देवी विद्यालय डुंडेरा, शांति विद्या निकेतन, द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल उतई, नवमंगल स्कूल धनोरा के 98 विद्यार्थियों ने भाग लिए। यह प्रतियोगिता चार स्तर प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी में संपन्न हुआ। बच्चों ने बहुत ही खूबसूरत एवं मनमोहक रंगोली बनाकर स्वच्छता, आत्मनिर्भर भारत, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संदेश देते हुए अपने भावनाओं को प्रकट किए। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन द्वारा आयोजित यह चौथी प्रतियोगिता थीं। इसके पहले निबंध प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता एवं गायन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अपने विद्यालय एवं अभिभावकों का नाम रोशन किये। रंगोली प्रतियोगिता के अवसर पर खुमान सिंह यादव लोक कलाकार, खिलेंद्र चंद्राकर पार्षद नगर पालिक निगम रिसाली, रोमशंकर यादव नवभारत पत्रकार, दुर्गेश साहू छाया पार्षद, केआर साहू संरक्षक और एआर वर्मा वरिष्ठ



■ राष्ट्रीय भारतीय हाई स्कूल डुंडेरा में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

शिक्षक तथा निजी स्कूलों के संचालक डी एल सिन्हा,बी आर मौर्या , राजेश्वरी साहू, अली राम साहू ,विशाल क्षेत्रीय, दुर्गेश साहू , प्राचार्य के आर सिन्हा एवं शिक्षक -शिक्षिकाएं एवं पालक गण उपस्थित थे। इस अवसर पर खुमान यादव ने प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों में छुपी हर प्रकार के ज्ञान एवं कला को प्रदर्शित करने के लिए जो प्रयास किए जा रहे हैं बहुत ही सराहनीय है। अतिथियों द्वारा दीपशिखा विद्यालय डुमरडीह ,उतई में संपन्न गायन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किये।

### योगेन्द्र का सीजीपीएससी में हुआ चयन



**पाटन।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भनसुली (के) निवासी योगेंद्र निर्मल पिता वासुदेव निर्मल ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा 2023 में 114वां रैंक हासिल कर सहकारिता विस्तार अधिकारी पद ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त की है। छोटे से गांव के रहने वाले योगेंद्र निर्मल प्रारंभ से ही मेधावी रहे हैं। किसान परिवार से आने वाले योगेंद्र पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों में भी हमेशा आगे रहते हैं। योगेंद्र निर्मल का परिवार गायत्री परिवार से जुडकर आध्यात्मिक जनजागरण में कार्य करते रहते है। योगेंद्र के 114वां रैंक आने पर ग्रामवासी सहित क्षेत्र में खुशियों का माहौल है। योगेन्द्र का ये छठवां प्रयास था चार बार सीजीपीएससी का इंटरव्यू दिया और सफ़लता अर्जित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू ने योगेंद्र निर्मल को बधाई देते हुए कहा पाटन विधानसभा क्षेत्र के मेरे गांव भनसुली (के) निवासी योगेंद्र निर्मल को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सीजीपीएससी-2023 परीक्षा में 114वां रैंक हासिल करने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर दिनेश साहू सभापति जपं, सरपंच तुलसी गैंदलाल डहरिया, कमलेश साहू उपसरपंच, पूर्व जनपद सदस्य गैंदलाल डहरिया, डॉ. केके साहू आदि ने बधाई दी है।

## बिजनेस साइट

### सहेली ज्वेलर्स गांधी चौक दुर्ग के वेडिंग कलेक्शन 'विवाह सूत्र' में ज्वेलरी मेंकिंग चार्जेस में 20% की फ्लैट छूट

**दुर्ग।** सहेली ज्वेलर्स गांधी चौक दुर्ग, सिविक सेंटर भिलाई और बीएसपी मार्केट रिसाली में वैवाहिक अवसर को देखते हुए एक्सक्लूसिव ब्राइडल वेडिंग कलेक्शन 'विवाह सूत्र' ग्राहकों के लिए पेश की गई है। इसके साथ ही गोल्ड और डायमंड ज्वेलरी के मेकिंग चार्जेस में 20% का फ्लैट डिस्काउंट भी दिया जा रहा है। इस ब्राइडल वेडिंग ज्वेलरी कलेक्शन में हैवी और लाइट वेट के साथ मॉडर्न और पारंपरिक लेटेस्ट डिजाइन की अद्भूत ज्वेलरी का कलेक्शन उपलब्ध है। आकर्षक डिजाइन में मंगलसूत्र, कंगन, ईयरिंग्स, के साथ ही चांदी के पायल, कडे. का शानदार रेंज शो रुम में देखा जा सकता है। तीनों शो रुम में ब्राइडल वेडिंग कलेक्शन की खरीदारी के साथ ही साथ शॉप एण्ड विन ऑफर का लाभ भी लिया जा सकता है इस स्पेशल ऑफर का पहला ड्रॉ 15 दिसंबर 2024 को निकाला जाएगा। शॉप एण्ड विन ऑफर के तहत प्रत्येक 9000 की खरीदी पर एक लक्की कूपन के साथ अनेक उपहार जीतने का अवसर है, 'शॉप एण्ड विन' के बंपर ड्रॉ में प्रथम पुरस्कार टाटा टियागो, द्वितीय पुरस्कार होण्ड एक्टिवा, तीसरा पुरस्कार रेफ्रीजरेटर, चौथा पुरस्कार पार्टी स्पीकर, पांचवा पुरस्कार एयरफ्रायर, छठवां पुरस्कार ईयर बड्स है इसके साथ ही प्रत्येक दो माह में होने वाले ड्रॉ में प्रथम पुरस्कार होण्डा एक्टिवा, दूसरा पुरस्कार आईफोन, तीसरा पुरस्कार रेफ्रीजरेटर, चौथा पुरस्कार पार्टी स्पीकर, पांचवा पुरस्कार एयर फ्रायर और छठवां पुरस्कार ईयर बड्स है। आभूषणों की खरीदारी के साथ 'शॉप एण्ड विन' का लाभ उठाने के लिए सहेली ज्वेलर्स के गांधी चौक दुर्ग, सिविक सेंटर भिलाई और बीएसपी मार्केट रिसाली स्थित शो रुम में विजिट किया जा सकता है।



### ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद

**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c )750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।




## कुम्हारी नगर पालिका मना रही स्वनिधि भी स्वाभिमान भी पखवाड़ा



**कुम्हारी।** शासन के निर्देशानुसार पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत 'स्वनिधि भी स्वाभिमान भी' पखवाडा अंतर्गत शिविर लगाकर शहरी पथ विक्रेताओं का सामाजिक-आर्थिक प्रोफाइलिंग का कार्य किया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर ने बताया कि नगर पालिका कुम्हारी अन्तर्गत कार्यालय मे शिविर लगाकर हितग्राहियों के 10 हजार रुपये 20 हजार रुपये तथा 50 हजार रुपये के लम्बित मामलों को बैंक से समन्व्य कर वितरण कराया जा रहा है। पालिका के कर्मचारियो द्वारा लगातार हितग्राहियों से सम्पर्क कर उनका सामाजिक आर्थिक प्रोफाइलिंग कराया जा रहा है। प्रोफाइलिंग पश्चात ऐसी योजना जैसे पी एम सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना, जननी सुरक्षा योजना एवं मातृत्व वंदन योजना आदि योजनाओं जिनसे हितग्राही अभी तक नही जुड पाये हैं उनसे जोडा जा रहा है। यह पखवाडा 9 दिसम्बर तक जारी रहेगा।

### पतोरा में भाजपा का बूथ सशक्तिकरण का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

शक्ति केंद्र पतोरा में नये सिरे से बूथ सशक्तिकरण का चुनाव किया गया। जिसमें चुनाव प्रभारी हरप्रसाद ऑडिल, सहप्रभारी देवचरण कौशल, शक्ति केंद्र प्रभारी टीकाराम देवांगन एवं भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता के साथ अन्य सभी भाजपा के पुरुष एवं महिला कार्यकर्ता की उपस्थिति में किया गया। बूथ क्रमांक 104 में पूरनलाल साहू, बूथ क्रमांक 105 में राजीव साहू, बूथ क्रमांक 106 में प्रेमलता साहू , बूथ क्रमांक 107 में ओमप्रकाश साहू एवं बूथ क्रमांक 108 देऊरझाल में विजय कुर्रे को बूथ अध्यक्ष बनाया गया।



### कलेक्टर को नाडी वैद्य घरेलू उपचार की पुस्तक किया भेंट



**भिलाई।** वैद्यराज वाई अप्पल नायडू ने जिले की कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी को नाडी वैद्य घरेलू उपचार के पुस्तक को सौंपा गया।जिसमें वैद्य से जुड़े कई बीमारियों को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई है। वैद्यराज के द्वारा अब तक कितने लोगों को निःशुल्क उपचार कर कई बीमारियों को ठीक किया है।उसके बारे में विस्तार से उल्लेख है।

### भागवत ज्ञान यज्ञ में वामन अवतार की कथा सुनाई

**सेलूद।** पटेल परिवार तथा जन सहयोग से चल रहें श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के पांचवे दिन कथा वाचक परमानंद महराज ने वामन भगवान के अवतार की कथा का परायान कराया। महाराज ने बताया की कैसे राजा बली का अहंकार व घमंड को तोड़ने भगवान विष्णु जी ने वामन अवतार लिया और दान में तीन पग में पूरा ब्राम्हण को नाप लिया और राजा बली का मद को तोड़ा। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य हर्षा लोकमनी चंद्राकर, डेगेस्वरी रमेश वर्मा, प्रेमलाल पटेल, बिसाहू राम चंदन, घनश्याम पटेल, पोशूराम निर्मलकर, मनोज साहू आदि उपस्थित थे।

न्यायालय अपर कलेक्टर, जिला - दुर्ग (छ.ग.)

**व्यक्तिगत उपस्थिति समन**

पुनरीक्षण प्रकरण क्रमांक 01/अ-6 वर्ष 2024-2025
अरूणा कौशल पति स्व. प्रहलाद कुमार कौशल पता तलवार भवन के आगे मितान चौक, सुभाष नगर, वार्ड नंबर 41, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) - पुनरीक्षणकर्ता
प्रेषिती
1. सुखिया बाई कौशल बेवा स्व. प्रहलाद कुमार कौशल
2. सरिता कौशल आ.स्व. प्रहलाद कुमार कौशल
3. संदीप कुमार कौशल आ.स्व. प्रहलाद कुमार कौशल
4. योगेश कुमार कौशल आ. स्व. प्रहलाद कुमार कौशल सभी निवासी- तलवार भवन के आगे सुभाष नगर, दुर्ग तह व जिला-दुर्ग (छ.ग.)
5. कु. लिपाक्षी कौशल पुत्री स्व. प्रहलाद कुमार कौशल, निवासी- तलवार भवन के आगे मितान चौक, सुभाष नगर, वार्ड नंबर 41, तह. व जिला-दुर्ग - उत्तरवादीगण

उपरोक्त पुनरीक्षणकर्ता द्वारा इस न्यायालय में तहसीलदार, दुर्ग के रा.प्र.क्र. 20240110 0700193/अ-06, वर्ष 2023-2024 में पारित आदेश दिनांक 23.09.2024 से क्षुब्ध होकर पुनरीक्षण पेश किया है। प्रस्तुत पुनरीक्षण पर प्रकरण संस्थित कर प्राकृतिक न्याय सिद्धांत की अवधारणा के तहत उत्तरवादीगणो को इस न्यायालय द्वारा तलवार भवन के आगे सुभाष नगर, जिला दुर्ग के पते पर सूचना जारी की गई थी। किन्तु उत्तरवादीगण अनुपस्थित रहे। चूंकि अनावेदक/उत्तरवादी को समक्ष सुनवाई हेतु अवसर प्रदान किया जाना है।

अतएव इस समन के जरिये अनावेदक/उत्तरवादी को आदेश दिया जाता है कि आप इस मामले की आगामी पेशी दिनांक 11.12.2024 को अपर कलेक्टर, दुर्ग के न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से अनिवार्यतः उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। यदि आप निर्धारित सुनवाई तिथि को अनुपस्थित पावे गये तो मामले की सुनवाई आपकी गैरहाजिरी में की जाकर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 27/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

अपर कलेक्टर
जिला-दुर्ग (छ.ग.)

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▶ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▶ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
9659 455 455
130+ CENTRES PAN INDIA
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### खुली संगीत व नृत्य प्रतियोगिता 17 से

**भिलाई।** बीएसपी के क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा खुली संगीत और नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन 17 से 20 दिसम्बर के मध्य महात्मा गांधी कलामंदिर सिविक सेंटर, भिलाई निवास में किया जाएगा। प्रतियोगिता में कर्नाटक (सुगम, शास्त्रीय गायन), हिन्दुस्तानी (सुगम, शास्त्रीय गायन), लोक गायन, एकल नृत्य (भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी, कथक, ओड़सिी), हिन्दुस्तानी वाद्य (तंतु वाद्य एवं ताल वाद्य) तथा खुली आयु वर्ग समूह में नृत्य स्पर्धा का आयोजन होगा। प्रतियोगिता हेतु प्रवेश पत्र 13 दिसम्बर तक है। इच्छक प्रतिभागी प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी एवं प्रवेश पत्र के लिये क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग बोकारो हॉस्टल, सेक्टर-4 में संपर्क कर सकते हैं।

### डॉ. रौनक जमाल को मिलेगा साहित्यिक बहुमत सम्मान

**भिलाई।** संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन एवं चतुर्भुज मेमोरियल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार 10 दिसंबर को कॉफी हाउस भिलाई के सभागार में दोपहर 3:00 बजे से आयोजित कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय उर्दू हिंदी भाषी साहित्यकार एमजेएफ डॉक्टर रौनक जमाल को बहुमत सम्मान से 2024 में उनके रचित लघु कथा संग्रह चालीस आदमी के लिए सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. संजय आलंग प्रतिष्ठित कवि लेखक आईएएस अधिकारी एवं विशिष्ट अतिथि पद्मश्री अजय मांडवी होंगे। कार्यक्रम का संचालन विनोद मिश्रा करेंगे।



### 22 दिन बंद रहेगा सिरसा गेट का अंडरब्रिज

**भिलाई।** सिरसा गेट भिलाई 3 के अंडरब्रिज में काम चलने के कारण रेलवे ने 9 दिसंबर की सुबह से 30 दिसंबर की संध्या 6 बजे तक अस्थाई रूप से बंद किया जा रहा हैं। गौरतलब हो कि उक्त अंडरब्रिज में का काम गुणवत्ताहीन होने से पूरी तरह खराब हो गया। मरम्मत की दरकार काफी जरुरी हो गई थी। लगातार मीडिया में खबर प्रकाशित होने के बाद रेलवे के अधिकारियों ने सुधी लिया और काम शुरु होने वाला है।

### स्वास्थ्य शिविर का लोगों ने उठाया लाभ

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के राजहरा माइंस अस्पताल में 02 दिसंबर 2024 को एक दिवसीय निःशुल्क व्यापक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। बीएसपी के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें विभाग के वरिष्ठ डॉक्टरों और विशेषज्ञों ने वनांचल के स्थानीय नागरिकों को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान कीं। शिविर में 450 से अधिक परामर्श प्रदान किए गए। इनमें पूर्व सीएमओ डां. प्रमोद बिनायेके, डां. सुबोध साहा, (एनेस्थिसियोलॉजी) डॉ तनुजा आनंद, डां. चित्रा सुनव, डां. मनीष देवांगन, डां. इमैनुअल मैसी, (ईएनटी) डॉ प्राची मेने, (प्रसूति एवं स्त्री रोग) डॉ निशा ठाकुर, (दंत चिकित्सा) डॉ. वनिता शर्मा, डां. सुषमा रोकड़े, जया भास्कर आदि ने अपनी सेवाएं दी।

# आंध्रा यूनिवर्सिटी ने एनआईटी राउरकेला को 6 रनों से हराया, सेमी फाइनल में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा भिलाई में खेली जा रही डायरेक्टर डायरेक्टर इंचार्ज ट्राफी इंटर एलुमनी टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच यूनिवर्सिटी एवं एनआईटी राउरकेला की टीमों के मध्य खेला गया। एनआईटी राउरकेला ने टांस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया।

अपने निर्धारित 15 ओवरों में आंध्रा यूनिवर्सिटी की टीम ने 8 विकेट खोकर 111 रन का स्कोर खड़ा किया। कलाशंकर ने अपनी टीम के लिए सर्वाधिक 28 गेंदों में 54 रन बनाए जिसमें 05 आसमानी छक्के एवं 01 चौका शामिल थे। इसके जवाब में एनआईटी राउरकेला ने अच्छा खेल दिखाते हुए अपने निर्धारित ओवर में 5 विकेट खोकर मात्र 105 रन ही बना सकी। इस तरह आंध्रा यूनिवर्सिटी 6 रनों से मैच जीता। एनआईटी राउरकेला की ओर से सलामी बल्लेबाज संजय सिंह ने 4 छक्के लगाते हुए 17 गेंदों में 29 रनो की पारी खेली। आंध्रा यूनिवर्सिटी के कलाशंकर के शानदार अर्द्धशतक के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैन आफ द मैच की ट्राफी ओए महासचिव परन्दिर सिंह द्वारा कलाशंकर को प्रदान किया गया। इस मैच के को-आर्डिनेटर संजय तिवारी, पी अनु, अखिलेश मिश्रा एवं जेपी शर्मा थे। मैचों के दौरान ओए के उपाध्यक्ष तुषार सिंह, सचिव जेपी शर्मा, जोनल प्रतिनिधि, डीपीएस बरार, पी अनु सहित ओए सदस्य उपस्थित थे।

**बीएसपी ओए की डायरेक्टर इंचार्ज ट्राफी इंटर एलुमनी टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता**



### 34 वर्ष पूर्व शुरु हुई थी ट्राफी

ओए महासचिव परविन्दर सिंह ने बताया कि एग्जीक्यूटिव क्रिकेट की शुरुआत सबसे पहले 1986 में हुई। टूर्नामेंट के लिए कमिटी का गठन किया गया है, जिसमें डीपीएस बरार को-आर्डिनेटर बनाया गया है। जीपी सोनी, पिजूष सेन व डी. सामन्ता को सदस्य बनाया गया है। इस वर्ष फिर से 17 टीमों के 272 खिलाड़ी टूर्नामेंट में भाग लिया और लीग मैच की समाप्ति तक वर्षा के व्यवधान के कारण आगे का मैच नही हो पाया।

## बीएसपी आईआर के साथ बैठक में सीटू को मिला आश्वासन

# मान्यता चुनाव को लेकर प्रबंधन पर बढ़ा दबाव, 2 माह बाद शुरु होगी चुनावी प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में मान्यता चुनाव के लिए यूनियनों ने दबाव बनाना शुरु कर दिया है। इसके चलते आगामी दो माह में चुनावी प्रक्रिया शुरु हो जाएगी। मान्यता यूनियन कार्यकाल महीनेभर पूर्व समाप्त हो चुका है।

बहुप्रतीक्षित मान्यता चुनाव को लेकर सीटू की टीम ने भिलाई इस्पात संयंत्र के औद्योगिक संबंध विभाग के साथ फॉलो अप बैठक किया । बैठक में महाप्रबंधक ने बताया कि दो माह में चुनावी प्रक्रिया शुरू हो जाएगी । अब तक सीटू एवं बक्स ने जल्दी चुनाव प्रक्रिया शुरू करने को लेकर पत्र दिया है बाकी यूनियनों के द्वारा भी आवश्यक पहल करने की बात संज्ञान में आई है जल्द ही प्रक्रिया तेज हो जाएगी। बैठक में औद्योगिक संबंध विभाग के महाप्रबंधक जेएन ठाकुर एवं सहायक महाप्रबंधक रोहित हरित उपस्थित थे।सीटू महासचिव जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी ने बताया कि के बैठक में महाप्रबंधक ने बताया कि राजहरा में 10 दिसंबर तक श्रम आयुक्त केंद्रीय के कार्यालय से मांगे गए आवश्यक दस्तावेज यानी यूनियन का विधान, यूनियन का पिछले वर्ष का वार्षिक विवरण आदि जमा करने को कहा गया है। इसके बाद चुनाव की प्रक्रिया तेज हो जाएगी और बहुत जल्द माइंस में गुप्त मतदान द्वारा सदस्यता जांच का चुनाव करवा लिया जाएगा।

**मान्यता यूनियन का दो माह पूर्व खत्म हो चुका है कार्यकाल**



### कार्यकाल समाप्ति बाद प्रक्रिया

सीटू ने बताया कि मान्यता कार्यकाल के दौरान अगले कार्यकाल के लिए चुनावी प्रक्रिया शुरू नहीं किया जा सकता है क्योंकि कार्यकाल समाप्त होते ही प्रबंधन को स्वयं संज्ञान लेते हुए मान्यता चुनाव की प्रक्रिया को शुरू कर देना चाहिए। लोकसभा विधानसभा से लेकर पार्षद व ग्राम पंचायत तक कार्यकाल समाप्त होने के दिन तक ही नया चुनाव होकर नई टीम को कार्यभार सौंप दिया जाता है। मान्यता चुनाव में इस तरह की प्रक्रिया नहीं अपनाई जाती है, जिसके कारण लंबे-लंबे समय तक कर्मियों के सामने कोई यूनियन नहीं रहने के कारण शून्यता की स्थिति निर्मित रहती है।

### बीएसपी में 70 दिन पहले कार्यकाल खत्म

भिलाई इस्पात संयंत्र में 70 दिन पहले अर्थात 23 सितंबर को पिछली मान्यता यूनियन का कार्यकाल समाप्त हो गया है। सामान्यतया मान्यता कार्यकाल के दौरान अगले मान्यता चुनाव की प्रक्रिया शुरू नहीं की जाती है। क्योंकि मान्यता चुनाव की प्रक्रिया शुरू होते ही मान्यता कार्यकाल प्रभावित होने लगता है। इसीलिए 2 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद अगले मान्यता कार्यकाल के लिए चुनाव की प्रक्रिया शुरू की जाती है। मान्यता कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी लंबे समय तक प्रक्रिया शुरू हुई नहीं होती एवं यह समय शून्य काल में आता है जब कोई मान्यता यूनियन संयंत्र के अंदर अस्तित्व में नहीं रहती है अर्थात इस दौरान किसी किस्म के समझौते नहीं हो सकते हैं।

### सीटू ने दिया था 24 सितंबर को पत्र

23 सितंबर को पिछले यूनियन का मान्यता कार्यकाल समाप्त होते ही सीटू ने 24 सितंबर को मान्यता चुनाव की प्रक्रिया शुरू करने संबंधी पत्र औद्योगिक संबंध विभाग के माध्यम से प्रबंधन को सौंप दिया था। लेकिन 70 दिन बाद बीत जाने के बाद भी चुनाव को लेकर कोई हलचल ना होता देखकर आज फिर सीटू की टीम चुनाव के संदर्भ में चल रही तैयारी के संदर्भ में जानकारी लेने के लिए औद्योगिक संबंधी विभाग को पत्र दिया है।

# भिलाई संयंत्र की मॉडेक्स इकाइयों ने रचा कीर्तमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों ने वित्तीय वर्ष के नवंबर माह में अब तक का सर्वश्रेष्ठ निष्पादन दर्ज किया है। सर्वश्रेष्ठ डिस्पैच का भी रिकॉर्ड दर्ज किया गया है सभी मॉडेक्स इकाइयों-ब्लास्ट फर्नेस-8, स्टील मेल्टिंग शॉप-3, यूनिवर्सल रेल मिल, बार एंड रॉड मिल तथा रिफ्रैक्टरी मैटेरियल्स प्लांट-3 ने सर्वश्रेष्ठ उत्पादन रिकॉर्ड दर्ज किया। तकनीकी आर्थिक सूचकांकों के क्षेत्र में, संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस द्वारा नवंबर माह के लिए अब तक का सर्वश्रेष्ठ कोक दर दर्ज किया है। सिंटर प्लांट, बीआरएम, ओएचपी सहित विभिन्न विभागों ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन कीर्तिमान रचा है। इसके साथ ही संयंत्र के आरएमपी-3 से लाइम उत्पादन, एसएमएस-3 से कास्ट स्टील व बिलेट उत्पादन, हॉट मेटल, क्रूड स्टील उत्पादन फिनिश्ड स्टील उत्पादन, सेलेबल स्टील के उत्पादन के साथ ही प्लेट मिल में हाई टेंसाइल प्लेटों के साथ रेल मिल से लॉन्ग रेलों के उत्पादन व डिस्पैच में सर्वश्रेष्ठ नवम्बर माह का कीर्तिमान दर्ज किया है।

ओर आयरन हैंडलिंग विभाग ने कुल 18,38,864 टन दर्ज किया गया है, जोकि नवम्बर 2022 में 16,59,941 टन दर्ज किया गया था। आरएमपी–3 ने नवम्बर में ने लाइम प्लस सीडी का कुल उत्पादन 53,390 टन दर्ज किया गया। सिंटर प्लांट ने कुल सिंटर का उत्पादन नवम्बर 2024 में 7,51,180 टन दर्ज किया गया है, जोकि नवम्बर 2022 में 7,30,375 टन दर्ज किया गया था। सिंटर प्लांट-3 ने नवम्बर 2024 में 5,22,644 सिंटर का उत्पादन किया है।

### बीएफ में 2 लाख 43 हजार टन हांट मेटल

ब्लास्ट फर्नेस-8 ने नवम्बर में 2,43,130 टन हॉट मेटल का उत्पादन दर्ज किया है, जोकि अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ नवम्बर 2022 में बनाये गए 2,39,826 टन के रिकॉर्ड को पार कर गया . बार एवं रॉड मिल ने नवम्बर 2024 में अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन करते हुए 84,030 टन उत्पादन किया है। प्लेट मिल ने 33,966 टन हाई टेंसाइल प्लेटों का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन कर, नवम्बर 2014 में बनाये 17,374 टन के पिछले सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड को पार कर गया है। फिनिश्ड प्लेट का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन दर्ज किया गया।

■ वित्तीय वर्ष के नवंबर में सर्वश्रेष्ठ उत्पादन

### सर्वश्रेष्ठ प्राइम लोडिंग

नवंबर में दर्ज सर्वश्रेष्ठ कुल प्राइम रेल लोडिंग 1,02,900 टन है, जो कि नवंबर 2022 में दर्ज 92,698 टन की तुलना में कहीं अधिक है।2,33,584 टन डायरेक्ट डिस्पैच लोडिंग दर्ज की गई, जो कि नवम्बर 2020 में दर्ज 2,17,018 टन डायरेक्ट डिस्पैच लोडिंग से अधिक है। नवम्बर 2024 में कुल 4,21,859 टन सेलेबल स्टील लोडिंग दर्ज किया गया, जोकि अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ नवम्बर 2023 में बनाये गए 4,19,358 टन के रिकॉर्ड को पार कर गया है।

# तीस वरिष्ठ अधिवक्ताओं का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिला अधिवक्ता संघ दुर्ग द्वारा जिला न्यायालय के बार रुम के सभागार में अधिवक्ता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर पर तीस वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बतौर विशेष अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता भंवरलाल जैन, ताराचंद शर्मा व राम पाटणकर और बार एसोसिएशन की अध्यक्ष नीता जैन व महासचिव रविशंकर सिंह सहित पदाधिकारी, वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ सदस्य अधिवक्ता उपस्थित थे। वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने समाज और देश में अधिवक्ताओं के योगदान को रेखांकित करते हुए कानून के प्रति लोगों को जागरुक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला अधिवक्ता संघ की ओर से संघ की अध्यक्ष नीता जैन और पदाधिकारियों के साथ अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने तीस सीनियर अधिवक्ताओं का सम्मान किया। भंवरलाल पारख, श्री शर्मा और श्री पाटनणकर ने शाल, श्री फल और पुष्पहार से सम्मान किया गया। सम्मान के बाद सभी वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता दिवस के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए पीड़ितों को न्याय दिलाने में अधिवक्ताओं के योगदान को रेखांकित किया। सुश्री जैन ने जिला बार एसोसिएशन की गतिविधियों व देश में अधिवक्ताओं की सकारात्मक भूमिका पर बताया। कार्यक्रम में अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों सहित सदस्य उपस्थित थे।

■ अधिवक्ता दिवस पर जिला अधिवक्ता संघ का आयोजन







### बाररुम में सदस्यों को मिली आरामदेह चेयर

जिला अधिवक्ता संघ द्वारा सदस्यों के लिए वेलफेयर गतिविधियां भी बढ़ाई जा रही हैं। जिला न्यायालय के बाररुम के सदस्य अधिवक्ताओं के कक्षों और गैलरी में चेयर, मेज और एसी आदि सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। संघ की अध्यक्ष नीता जैन ने बताया कि दस बार रुम कक्षों में संघ द्वारा अपने सदस्यों के लिएको एक हजार चेयर व मेजें तथा बाररुम में टेबल व एसी भी लगाया गया। एसी तत्कालीन राज्य सभा सदस्य सरोज पांडेय के सौजन्य से लगाए गए। संघ द्वारा इसके पूर्व यहां सौ कूलर लगाए जा चुके हैं।

# एनजेसीएस में सुधार पर तीन माह में निर्णय ले इस्पात मंत्रालयः दिल्ली उच्च न्यायालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ की बोकारो इस्पात संयंत्र मे सहयोगी यूनियन ,बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ द्वारा एनजेसीएस में सुधार करने पर लगातार पत्र देने के बावजूद इस्पात मंत्रालय द्वारा कोई सकारात्मक कदम नही उठाने पर, बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ द्वारा दिल्ली उच्च न्यायालय में मुकदमा दर्ज कराया गया था । इस पर अदालत ने फैसला दिया कि यूनियन द्वारा किए गए माँग तथा सुझाव पर इस्पात मंत्रालय तीन माह में कदम उठाए । यदि यूनियन की माँगों पर कोई सकारात्मक कदम नही उठाया जाता है तो यूनियन न्यायालय में पुनः आपत्ती दर्ज करा सकती है । यह जानकारी देते हुए बीएकेएस के अध्यक्ष अमर सिंह ने बताया कि यूनियन की मांग है कि एनजेसीएस में सिर्फ सेक्रेट बैलेट इलेक्शन के माध्यम से रिकॉगनाईज्ड ट्रेड यूनियनो के प्रतिनिधि ही भाग ले और ट्रेड यूनियनो के नॉमिनेटड प्रतिनिधियों के मनोयन की प्रथा बंद की जाये । एनजेसीएस का एजेंडा पहले ही सार्वजनिक करने के साथ सेल की सभी यूनिटो से सेक्रेट बैलेट इलेक्शन के माध्यम से निर्वाचित यूनियनों को प्रतिनिधित्व दिया जाए।

■ बीएकेएस ने कहा लंबित हैं कई मांगें

आवश्यकता है

हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे दुर्ग-भिलाई, कवर्धा, बेमेतरा, बालोद और राजनांदगांव में कार्य हेतु 10 युवक/युवतियों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो। इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।

योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000+
स्वयं के वाहन धारकों को प्राथमिकता

बाहर के अभ्यर्थियों के लिए आवास+भोजन की सुविधा

Resume Whatsapp करें
7489534456, 8319268069

हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय, दुर्गा चौक, राजनांदगांव

# प्रवर्तन विभाग ने पंद्रह कब्जेधारियों को किया बेदखल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा टाउनशिप के 15 बीएसपी आवासों में बेदखली कार्यवाही की गई। प्रवर्तन विभाग द्वारा सेक्टर-6 के 11 आवास, सेक्टर-1 का एक आवास, सेक्टर-2 का एक आवास, सेक्टर-7 का एक आवास तथा रिसाली सेक्टर के एक आवास को खाली करवाया गया । सभी रिक्त आवासों में से कुछ आवास को रखरखाव कार्यालय, कुछ को आवंटी तथा कुछ आवासों को संपदा न्यायालय को सुपुर्द किया गया। संपदा न्यायालय से डिक्री पारित तीन आवासों में बेदखली की कार्यवाही लंबित थी, इन आवासों में बेदखली पश्चिम विद्युत विभाग द्वारा विद्युत विच्छेद किया गया। इन आवासों को दलालों और अपराधियों द्वारा किराया पर चलाया जा रहा था।



### अवैध ठेले व पोस्टर हटाए

प्रवर्तन विभाग द्वारा दस ठेलों को टाउनशिप के विभिन्न सेक्टर्स से जप्त किया गया। इन ठेलों के वजह से आवागमन बाधित होने के साथ सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी। अवैध बैनर व पोस्टर हटाए गए। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए मिराज सिनेमा तथा जवाहर उद्यान के आस-पास से 15 आवारा मवेशियों को पकड़ कर भिलाई नगर निगम द्वारा संचालित कोसा नगर गौठान को सौंपा गया।

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।



CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 5 दिसंबर 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
74154-69100, Message at - 9755819129


02



एचआईवी पीड़ित से न करें भेदभाव, बढ़ाए उनका मनोबल

## लाइव इवेंट

### रेलवे में यूनियन चुनाव को लेकर गहमागहमी, अंतिम दिन आज




**भिलाई।** रेलवे में इन दिनों यूनियन चुनाव की खासी धूम है। बुधवार को यूनियन चुनाव को लेकर वोट डाले गए। गुरुवार यानी 5 दिसंबर को वोटिंग का अंतिम दिन है। सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक वोटिंग होगी। इसके लिए अलग-अलग स्तर पर केंद्र बनाए गए हैं। इधर इंडियन रेलवे एम्पलाइज फेडरेशन (आईआरईएफ) ने कुल 11 रेलवे जोन तथा दो उत्पादन यूनिट फुल 13 जोनों में यूनियन मान्यता चुनाव के लिए दावा पेश किया है। संस्था ने तीसरा वैकल्पिक फेडरेशन होने का दावा किया है। इसके लिए आईआरईएफ के सभी सदस्यों ने प्रचार भी किया। अपील की गई कि सभी अपने-अपने जोन, डिविजन व ब्रांच पर प्रत्येक कर्मचारी तक पहुंच कर एनपीएस, यूपीएस, निगमीकरण, निजीकरण, ठेकेदारी, आउटसोर्सिंग, घटिया मटेरियल इत्यादि के खिलाफ तथा रेलवे में नई भर्ती, ओपीएस बहाली व कर्मचारियों के हक-अधिकारों के लिए किए गए संघर्षों से अवगत कराएं। वोटिंग जरूर करें। मान्यता को लेकर हो रहे इस चुनाव को लेकर खासी गहमागमी रही। बिलासपुर जोन में 6 संगठन अपनी ताल ठोक रहे हैं। बिलासपुर जोन में भारतीय रेलवे कर्मचारी के 42,500 मतदाता हैं, वहीं रायपुर डिवीजन में 10,500 रेल कर्मचारी हैं। यूनियन चुनाव में दुर्ग, भिलाई, चरोदा, कुम्हारी और जी कैबिन, मरोदा सहित अन्य क्षेत्रों में सेवारत कर्मचारियों की सहभागिता है। अखंड रेलवे कर्मचारी संघ के सचिव राजेश यादव ने बताया कि 11वर्षों बाद हो रहे यूनियन चुनाव में कर्मचारियों की सुविधाओं को लेकर प्रयास किया जा रहा है। संघ के अध्यक्ष विनोद सिंह, उपाध्यक्ष नरेन्द्र दुबे, सचिव राजेश यादव, महामंत्री पुरानिक खुरशयाम, विनोद प्रकाश, झुमुक लाल, मोहम्मद सोहेल, नरेन्द्र कोष्टा सहित अन्य मौजूद थे।

- दुर्ग, भिलाई, चरोदा, कुम्हारी, जी कैबिन में कर्मचारियों में खासा उत्साह

## सिटी इवेंट

### पटेल समाज के घटकों में आपस में हो सकेगी शादियां, हुआ निर्णय



**भिलाई।** पटेल समाज की घटकीय परंपरा के बंधन को तोड़कर दो प्रमुख घटकों में शादी कर समाज को अनोखा संदेश देने का प्रयास किया गया है। समाज के कोसरिया घटक से आने वाले ब्रह्मदेव पटेल ने अपने बेटे की शादी भोयरा घटक से आने वाले दशरथ पटेल की बेटी नीति पटेल से की है। ब्रह्मदेव सेल एसआरयू यूनियन के अध्यक्ष हैं। उनका परिवार भिलाई में निवास करता है। नेहरूनगर के कबीर आश्रम में इस शादी समारोह का आयोजन किया गया। इसके साथ ही महासंघ में तीन घटक का एकीकरण हुआ, जिसमें प्रमुख रूप से कोसरिया, हरदिहा और भोयरा घटक शामिल हुए। हालांकि छत्तीसगढ़ में कई जगहों पर एक दूसरे घटक में विवाह शुरू हो चुके हैं। दुर्ग-भिलाई में इसकी शुरुआत अब हो रही है। झलमला बालोद निवासी ब्रह्मदेव पटेल के बेटे पीयूष पटेल और खादी साल्हेवारा निवासी भोयरा घटक से दशरथ पटेल की बेटी नीति पटेल का विवाह हुआ। समारोह में प्रमुख रूप से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व विधायक अरुण वोरा, महासंघ से प्रदेश अध्यक्ष बरतराम पटेल, पतिराम पटेल, राजेन्द्र पटेल, केके पाटिल, लिलार सिंह पटेल, रायपुर जिलाध्यक्ष ईश्वर पटेल, सुनील पटेल, गया पटेल, तेजराम पटेल, आत्माराम पटेल सहित अन्य मौजूद थे। भूपेश बघेल ने इस कदम की सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे सामाजिक एकजुटता बढ़ेगी।

- कोसरिया घटक से ब्रह्मदेव पटेल ने की शुरुआत, आयोजन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हुए शामिल

## स्पोर्ट्स

### बिलासपुर ब्लू ने दुर्ग को 113 रनों से हराया

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 प्लेट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे राउंड के तीसरे एवं अंतिम दिन खेले गए मैच में दुर्ग की टीम बिलासपुर ब्लू से हार गई। कल्याण कॉलेज ग्राउंड में खेले गए मैच में दुर्ग के खिलाड़ी बिलासपुर ब्लू के सामने नहीं टिक पाए। ताश के पत्तों की तरह बिखर गए। दुर्ग की टीम की न बैटिंग अच्छी रही, न बॉलिंग। इधर राजहरा में नारायणपुर और बस्तर के बीच खेले गए मैच में नारायणपुर ने चार विकेट से मैच जीता। कवर्धा में रायगढ़ और कवर्धा के बीच हुए मैच में रायगढ़ ने 80 रन से मैच जीता। धमतरी में राजनांदगांव और धमतरी के बीच मैच खेला गया। राजनांदगांव ने यह मैच एक इनिंग और 180 रन से जीता। न्यू ग्राउंड कांकेर में रायपुर ब्लू और दंतेवाड़ा के बीच मैच हुआ। रायपुर ब्लू ने यह मैच एक पारी एवं 96 रन से जीता। इसी प्रकार अंबिकापुर में सरगुजा और जशपुर के बीच मैच हुआ। सरगुजा ने 130 रन से यह मैच जीता।




● भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 में वार्षिक खेलकूद उत्सव का आयोजन

# बेस्ट मार्च पास्ट में होप एवं बेस्ट हाउस में चैरिटी हाउस सम्मानित, विद्यार्थियों ने खेलों में दिखाया दम

**भिलाई।** भिलाई विद्यालय सेक्टर 2 में वार्षिक क्रीड़ा उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबन्धक उत्पल दत्ता थे। इस अवसर पर महाप्रबंधक शिखा दुबे, ओलम्पियन एवं अर्जुन अवार्डी उप महाप्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद, उप महाप्रबंधक आरके गर्ग, पूर्व प्राचार्य पीएस दुधे व विभा रानी कटियार, आरजे राजू, अशोक सिंह, मनीष तिवारी, आरके गुप्ता । मुख्य अतिथि द्वारा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। बेस्ट मार्च पास्ट में होप हाउस एवं बेस्ट हाउस के रूप में चैरिटी हाउस को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि आप कड़ी मेहनत करें। पढाई के साथ खेल-कूद जरुरी है। शिखा दुबे ने विद्यालय द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की। कहा कि खेलों में भी कैरियर के बहुत अच्छे विकल्प हैं, इसलिए जो छात्र खेल कूद में रूचि रखते हैं, कड़ी मेहनत करें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा नव निर्मित कृत्रिम जल प्रपात का उद्घाटन किया गया तथा मशाल जलाकर, ध्वजारोहण कर, गुब्बारा छोड़ कर खेल को शुरु किया गया।





### खेलों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

राष्ट्रीय खिलाडी (तलवार बाजी) हितेश कुमार साहू द्वारा शपथ दिलाई गई। सदन प्रभारी निशि शिवप्पा, वंदना सोनवाने, संगीता मिश्रा एवं एनसीसी ऑफिसर गोवर्धन साहू के निर्देशन में सदन वाइस मार्च पास्ट किया गया। शाला की छात्राओं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। वंदना सोनवाने, यास्मीन एवं अर्पिता व विद्याथियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम व ड्रिल प्रस्तुत किया ।शाला के प्राचार्य विजय सिंह पवार ने वार्षिक गतिविधियों का ब्यौरा दिया।बालक, बालिका सीनियर वर्ग का रिले रेस कराया गया। अतिरिक्त वरिष्ठ व्याख्याता एसके खोबरागढ़े और सजिता राजेश ने कार्यक्रम का संचालन किया। धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ व्याख्याता सरिता शाक्या द्वारा दिया गया।



## साई महोत्सव 12 से, धार्मिक कार्यक्रमों के अलावा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की बिखरेगी छटा

**दुर्ग।** सिविल लाइन कसारीडीह स्थित प्रसिद्ध श्री साई बाबा मंदिर में 12, 13 व 14 दिसम्बर को वार्षिक महोत्सव मनाया जाएगा। 48 वें वार्षिक महोत्सव में रंगारंग छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम व भजनों की प्रस्तुति के अलावा विविध प्रतियोगिताएं आकर्षण का केन्द्र रहेंगी। छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोक कलाकार पुराणिक साहू दुर्ग द्वारा निर्देशित लहरगंगा और सुनील बंछोड़ राजनांदगांव की प्रस्तुति श्रद्धालुओं का भरपूर मनोरंजन करेंगे, वहीं विभिन्न संस्थाओं द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। महोत्सव के अंतिम दिन 14 दिसम्बर को आम भंडारा (महाप्रसादी) का आयोजन किया गया है। इसमें महाप्रसाद ग्रहण करने करीब 20 से 25 हजार की संख्या में साई भक्त जुटेंगे। साई महोत्सव समिति के अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ एवं सचिव धनेन्द्र सिंह चंदेल ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष दत्तात्रेय जयंती के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। 12 दिसम्बर गुरुवार को प्रातः 7 बजे श्री साई बाबा का सामूहिक महाअभिषेक होगा। दोपहर 12 बजे सामूहिक आरती एवं प्रसाद वितरण, 12.45 बजे श्री साई बाबा लीलामृत का पठन, 1.30 बजे श्री सत्य सांई भजन मंडली द्वारा भजनों की प्रस्तुति, दोपहर 2 बजे मेहंदी एवं ड्राइंग प्रतियोगिता , शाम 6.30 बजे सामूहिक आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। रात्रि 8 बजे छत्तीसगढ़ी गीत-संगीत का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

### भजन संध्या और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन



समर्थ ने बताया कि पुराणिक साहू द्वारा निर्देशित लहरगंगा के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। महोत्सव के दूसरे दिन 13 दिसम्बर, शुक्रवार को सुबह 7.30 बजे सामूहिक आरती एवं प्रसाद वितरण, 9 बजे सत्यनारायण की पूजा, दोपहर 12 बजे सामूहिक आरती एवं प्रसाद वितरण, दोपहर 1 बजे श्री साई भजन मंडली एवं श्री सांई सत्संग महिला मानस मंडली कसारीडीह द्वारा सांई भजनों की प्रस्तुति, दोपहर 2 बजे रंगोली एवं पूजा की थाली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन, शाम 6.30 बजे सामूहिक आरती एवं प्रसाद का वितरण किया जाएगा। रात्रि 8 बजे लोक कलाकार सुनील बंछोड़ राजनंदगांव छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे।

## नसीम व्याख्यान परिषद की अध्यक्ष और सुलेश्वरी चुनी गईं उपाध्यक्ष




**भिलाई।** डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई-3 के समाजशास्त्र विभाग में परिषद का गठन किया गया। इस अवसर पर मानसिक स्वास्थ्य एवं आयुर्वेद विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष मन्जू दाण्डेकर ने छात्र परिषद का उद्देश्य एवं गठन पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता डॉ. पूजा सिन्हा आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी भिलाई-3 ने उपस्थितिजनों से देश का प्रकृति परीक्षण एप डाउनलोड करने की अपील की। उन्होंने योगाभ्यास और प्राणायाम की उपयोगिता बताई। उन्होंने अवसाद से मुक्त होने के उपाय बताए। प्रभारी प्राचार्य डॉ. मन्जूला गुप्ता ने विद्यार्थियों को प्राकृतिक उपाय अपनाते हुए स्वस्थ रहने के टिप्स दिए। समाजशास्त्र परिषद के गठन की घोषणा की गई। परिषद में अध्यक्ष नसीम बानो, उपाध्यक्ष सुलेश्वरी साहू, सचिव मेघा वर्मा, सहसचिव दीक्षा टण्डन, सदस्य आरती, अंकिता, आकाश, पंकज, सोहेल अली को मनोनित किया गया। संचालन एमए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा नसीम बानो ने किया। मेघा वर्मा ने विद्यार्थियों की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया। सहायक प्राध्यापिका समाजशास्त्र उमा आडिल ने आभार व्यक्त किया।

आचार्य आगम सागर, पुनीत सागर और ऐलक धैर्य सागर कर रहे पदविहार

# कुम्हारी में जैन संतों का समागम, धार्मिक विषयों पर मंथन फिर आगे पदविहार कर पहुंचे रायपुर, वहां भी सत्संग

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** जैन मुनि आचार्य 108 विद्यासागर के शिष्य आगम सागर, पुनीत सागर और ऐलक धैर्यसागर का पदविहार और अलग-अलग जगहों पर सत्संग जारी है। भिलाई से वे कुम्हारी के लिए रवाना हुआ। कुम्हारी में जैन साध्वी मनोहर श्री से उनकी मुलाकात की। संतों में धार्मिक चर्चा हुई। इसके बाद वे आगे बढ़ गए। तीनों प्रमुख जैन आचार्य कुम्हारी दिगंबर जैन मंदिर से रायपुर के लिए रवाना हुए। उनका एमपी रोड रायपुर में सत्संग हुआ। जैन समाज के लोगों ने बताया कि आगामी दिनों में वे पदविहार कर फाफाडीह स्थित दिगंबर जैन मंदिर पहुंचेंगे। बता दें कि तीनों संत इन दिनों सामाजिक स्तर पर 1 से 6 फरवरी के मध्य चंद्रगिरी डोंगरगढ़ में होने वाले आचार्य विद्यासागर के समाधि स्थल शिलान्यास कार्यक्रम का प्रचार कर रहे हैं।



### विधान पूजन के साथ आचार्यों से लिया आशीर्वाद



दिगंबर जैन मंदिर में 1008 श्री पार्श्वनाथ भगवान के मंगल अभिषेक और शांति धारा भक्तों ने त्रिवेणी जैन तीर्थ में आगम सागर, पुनीत सागर, धैर्य सागर के अमृत वचनों से किया। विधान पूजन किया गया। दोपहर में मुनि संघ की रायपुर की ओर रवानगी हुई। त्रिवेणी जैन तीर्थ 1008 पारसनाथ भगवान मंदिर में भक्तों और महिलाओं ने जयकारा लगाया। श्रीफल अर्पण करते हुए मंगल आशीर्वाद ग्रहण किया। श्री पारसनाथ दिगंबर जैन सभा के संरक्षक ज्ञानचंद बाकलीवाल, महावीर प्रकाश, प्रभात जैन, डॉ. जिनेंद्र जैन, अनिल कासलीवाल, सुनील जैन, प्रदीप बाकलीवाल, प्रशांत जैन, भारत जैन, सिंपी जैन सहित अन्य मौजूद थे। सामाजिक लोगों को आयोजन का निमंत्रण दे रहे हैं। बता दें कि करीब 125 करोड़ रुपए की लागत से यह स्मारक स्थल और जैन तीर्थ तैयार किया जा रहा है।

### आचार्यों ने 36 विधान को विस्तार से समझाया

इस अवसर पर जैन संतों ने अपने अमृत वचनों से 36 विधानों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि आप सभी सौभाग्यशाली हैं, जो आज विधान पूजन में शामिल होकर पुण्य लाभ ले रहे हैं। अपने अमृत वचन में जैन धर्म का महत्व बताते हुए आचार्य विद्यासागर द्वारा किए गए अनेक धार्मिक, सामाजिक, गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि धर्म हमेशा हित का मार्ग बतलाता है। मंच संचालन प्रशांत जैन ने किया। भिलाई-दुर्ग जैन मंदिर के प्रतिनिधियों में प्रमुख रूप से कजोडमल जैन, कमल जैन, प्रमोद नहर, अरविंद जैन, दिनेश जैन, क्षितिज जैन आदि मौजूद थे। सेक्टर 6 से पावर हाउस में भी आचार्यों का भव्य स्वागत किया गया।



## सिटी इवेंट

# साइबर क्राइम की आशंका पर 1930 नं पर दर्ज करें शिकायत



**भिलाई।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत छत्तीसगढ़ प्रांत की दुर्ग जिला इकाई द्वारा दुर्ग के शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं घनश्याम सिंह तुला राम कन्या महाविद्यालय में उपभोक्तावाद एवं साइबर क्राइम विषय पर जनजागरण करने एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। उपभोक्तावाद व उपभोक्ता के अधिकारों एवं जिम्मेदारियां को दिल्ली से पहुंचे राष्ट्रीय संगठन मंत्री अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत दिनकर शबनीश ने उपभोक्तावाद एवं उपभोक्ता को परिभाषित किया। अपने व्यक्तव्य में उन्होंने उपभोक्ताओं के संबंध में सूक्ष्मता पूर्वक एवं रोचक पूर्ण उदाहरण देकर अपनी बातें रखी। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा जागरूक ग्राहक ही सुंदर समाज का निर्माण करता है। ग्राहक एक राजा होता है लेकिन अपनी अज्ञानता के कारण जाने अनजाने में धोखा खाते चले जाता है या मूर्ख बनाया जाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी ग्राहक को सामग्री या सर्विसेज लेते समय बिल आवश्यक रूप से लेना चाहिए। साइबर क्राइम विषय पर साइबर क्राइम प्रमुख डॉ संकल्प राय ने वर्तमान में प्रमुख रूप से समाज में साइबर क्राइम एवं डिजिटल क्राइम को विस्तार से समझाया तथा श्रोताओं द्वारा पूछे गए प्रश्नोत्तरी का उत्तर भी दिये। उन्होंने साइबर क्राइम से संबंधित टोल फ्री नंबर 1930 विस्तार पूर्वक बताया, साथ ही साइबर क्राइम से बचने संबंधी जानकारी भी दी। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की ओर से प्रमुख रूप से देवेंद्र कौशिक, दिलीप देशमुख, छवि गजेंद्र, संजय डहरवाल, डॉ झमनेश देशमुख ,धर्मेंद्र धामू, गोविंद राज नायडू, यू के चौहान, बहिरू राम आवारे, चंद्रशेखर साहू उपस्थित थे।

## धर्म लाइव

# चौदह गांवों में बैठक कर ग्राम समिति का किया गया गठन



**भिलाई।** केंद्रीय समिति दुबेलिया तेली साहू समाज की आवश्यक समाजिक बैठक पेंडरी धमधा में आयोजित की गई। इस दौरान सामाजिक जनों की उपस्थिति में कई अहम निर्णय लिये गए।

■ केंद्रिय समिति दुबेलिया तेली साहू समाज की हुई बैठक

वार्षिक महासभा की बैठक में केंद्रीय समिति के प्रमुख संरक्षक समयलाल साहू, सुंदरलाल साहू, अध्यक्ष शिवकुमार साहू, सचिव मनीराम साहू, कोषाध्यक्ष, उत्तम साहू, उपाध्यक्ष टेकचंद साहू, अलखराम साहू, भिखारीराम, केशव प्रसाद, संतोष साहू, सहसचिव सीआर साहू व समाज के आठों ब्लॉक के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष और समाज के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत में प्रमुख संरक्षक समयलाल साहू ने सालभर में समाज के दिवंगतों को याद कर श्रद्धांजली अर्पित की। केंद्रीय प्रमुख संरक्षक सुन्दरलाल साहू व उपाध्यक्ष अलखराम साहू ने उपस्थित महासभा की रूपरेखा और आय-व्यय की जानकारी दी। धमधा ब्लॉक अध्यक्ष अवधराम, पदाधिकारी व समाजिक सदस्यों ने वार्षिक महासभा को आयोजन करने में सहयोग दिया। साथ ही आसपास के चौदह गांव में बारी-बारी बैठक कर ग्राम समिति का गठन कर एक डेढ़ लाख सहयोग राशि एकत्रित किये। इस अवसर पर केंद्रीय समिति दुबेलिया तेली साहू समाज के सदस्य अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

## स्पोर्ट्स इवेंट

# अंतर विभागीय फुटबॉल स्पर्धा में आयरन जोन ने 2-0 से जीता



**भिलाई।** अंतर विभागीय फुटबॉल प्रतियोगिता 2024 का शुभारंभ पंत स्टेडियम में मंगलवार को हुआ। यह प्रतियोगिता 3 दिसंबर से 9 दिसंबर तक चलेगी। जिसमें की भिलाई इस्पात संयंत्र एवं माईन्स की 6 टीमों ने भाग लिया। मंगलवार को उद्घाटन मैच मिल जोन और स्टील जोन के मध्य खेला गया जिसमें मिल जोन ने 1 - 0 से जीत दर्ज किया। उद्घाटन मैच के मुख्य अतिथि शाहिद अहमद महाप्रबंधक प्रशासनिक एवं विशेष अतिथि महाप्रबंधक रेल एवं स्ट्रक्चर मिल विजय शर्मा एवं डेनिस क्रिस्टी उप प्रबंधक खेल सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं ने खिलाड़ियों से मिलकर उनका उत्साह वर्धन किया। प्रतियोगिता के अंतर्गत बुधवार को दो मैच खेले गये पहला मैच आयरन जोन एवं नॉन वर्क्स के बीच खेला गया। जिसमें आयरन जोन ने 2 - 0 से जीत दर्ज कर सेमीफाईनल में जगह बनाई। आयरन जोन की ओर से अनिल ने पहला गोल एवं सुरेश पुसरिया ने दूसरा गोल किया। बुधवार के दूसरा मैच मिल जोन एवं राजहरा माईन्स के मध्य खेला गया जिसमें मिल जोन ने 5 - 0 से जीत दर्ज कर सेमीफाईनल में प्रवेश किया। बुधवार के मैच के मुख्य अतिथि संदीप माथुर मुख्य महाप्रबंधक, एम प्रसाद सहायक महाप्रबंधक ने खिलाड़ियों से मिलकर उनका हौसला अफजाई किया। प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र के भूतपूर्व अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य दर्शकों ने खेल का आनंद लेने के लिये स्टेडियम में अपनी उपस्थिति दर्ज की।

● सात दिवसीय विशेष शिविर का सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ हुआ समापन

# अनुशासन व संयमित दिनचर्या का पालन कर छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर, व्यक्तित्व में आया निखार

**भिलाई।** शासकीय डॉ वामन वासुदेव कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम महमरा में आयोजित किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने अनुशासन और संयमित दिनचर्या का पालन करते हुए आत्म रक्षा के गुर सीखे और महिला उत्पीड़न, महिला सुरक्षा कानून एवं विभिन्न धाराओं सहित स्त्री रोग से संबंधित जानकारी एक्सपर्ट द्वारा दी गई। सात दिवसीय शिविर में प्रभात फेरी के अंतर्गत नशामुक्त भारत, पर्यावरण, पौधरोपण, मतदाता जागरूकता, स्वच्छता जागरूकता से संबंधित रैली एवं पोस्टर लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।



### प्रत्येक व्यक्ति में अनेक कलायें विद्यमान- डॉ ऋचा

राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन अवसर पर शासकीय संगीत महाविद्यालय दुर्ग प्राचार्य डॉ ऋचा ठाकुर और कन्या महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ डीसी अग्रवाल उपस्थित थे। इस दौरान प्राचार्या डॉ ऋचा ठाकुर ने कहा कि मैं एक कलाकार हूं। यहां पर कला की विभिन्न विधाओं को देखने का अवसर मिला, प्रत्येक व्यक्ति में अनेक कलायें विद्यमान है। उसे परखने, निखारने और जीवन में उतारने की आवश्कता है। प्रभारी प्राचार्य ने कहा कि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राएं अनुशासित और संयमित है। शिविर के माध्यम से छात्राओं के व्यक्तिताव में और निखार आया है। इस ऊर्जा को वे सतत रूप से बनाए रखे।

### नशा मुक्ति व भारतीय संस्कृति पर दिया व्याख्यान

डॉ सुषमा यादव ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि सात दिवसीय शिविर में नम्रता बंजारे, डागेन्द्र साहू एवं भावना बंजारे द्वारा आत्मरक्षा के लिए कराते का प्रिशिक्षण दिया गया। डॉ अमृतलाल गुर्वेन्द ने नशा के दुष्परिणाम व बचाव के संबंध में व्याख्यान दिया। डॉ कामता साहू ने भारतीय संस्कृति पर व्याख्यान दिया। रूचि शर्मा पैरालिगल वालिटिंयर विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग ने महिला उत्पीड़न, महिला सुरक्षा कानून एवं विभिन्न धाराओं और गृहविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ अमिता सहगल व्याख्यान ने पोषण आहार पर व्याख्यान दिया। पांच वर्षीय गुगल ब्वाय रूद्र शर्मा ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न जटिल प्रश्नों के उत्तर देकर छात्राओं को लाभान्वित किया। रेडक्रॉस की प्रभारी डॉ रेशमा लाकेश ने एड्स के संबंध में जानकारी दी।



**बुजुर्गों को शॉल व श्रीफल देकर किया सम्मानित:** प्रभात फेरी के अंतर्गत नशामुक्त भारत, पर्यावरण, वृक्षारोपण, मतदाता जागरूकता, स्वच्छता जागरूकता से संबंधित रैली एवं पोस्टर लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया। बुजुर्गों का शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया, सांस्कृतिक एवं खेलकूद में सहभागी ग्रामीण बच्चों को पुरस्कृत किया गया। ग्राम सरपंच खेमेश्वरी निषाद, पूर्व सरपंच शिव निषाद, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक एवं ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा। शिविर का संचालन खुशबू साहू, पूर्वी साहू, खेमलता, नेहा ढीमर, विमल यादव, विजय चंद्राकर का विशेष योगदान रहा।

### स्वास्थ्य परीक्षण कर गामीणों को दी जानकारी

स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर में गायनोकोलाजिस्ट डॉ मानसी गुलाटी और डॉ विनीता ध्रुव जिला चिकित्सक दुर्ग ने छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया और छात्राओं को महिलाओं से संबंधित रोगों के कारण एवं बचाव की विस्तृत जानकारी दी। जिला चिकित्सालय दुर्ग के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अरूण सिंह व दंत रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक खरे ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। वेदनारायण यदु ने रक्त परीक्षण कर छात्राओं एवं ग्रामीण का रक्त समूह बताया। शिविर में सीताराम ठाकुर, ओम, सत्यम, जन शिक्षण विकास समिति, पन्ना नेताम, राजकुमार एवं चिकित्सकों सहित सहयोगियों का शिविर में विशेष रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर आयोजित शान के कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ यशेश्वरी ध्रुव ने ग्रामीणों को कहा कि प्रतिदिन शिविर में श्रमदान कर गांव की सफाई योगा, बौद्धिक परिचर्चा, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलकूद का आयोजन किया गया।

## कलश यात्रा...

# पीले वस्त्र धरण कर कलश यात्रा में शामिल हुई महिलाएं, कथा में बहेगी भक्ति की धारा



**भिलाई।** पदुमनगर भिलाई तीन में सार्वजनिक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह एवं गीता जयंती महोत्सव 3 दिसंबर से 12 दिसंबर तक आयोजित किया गया है।

भगवान श्रीहरि नारायण व भक्त हनुमान की प्रेरणा से गीता जयंती के अवसर पर श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ एवं भव्य गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। व्यास पीठ पर विराजमान सोमनाथ शास्त्री दवरा कथा प्रतिदिन दोपहर 2 से प्रारंभ होगी।

### देव प्रतिष्ठा के साथ हुई शुरुआत

मंगलवार को भव्य कलश यात्रा पंचमुखी हनुमान मंदिर से निकलकर पदुम नगर का भ्रमण करते रामधुनी और गाजे बाजे साथ मानसरोवर कॉलोनी शिव मंदिर अर्धनारिश्वर होते हुए पंचमुखी हनुमान मंदिर में संपन्न हुआ। 51 महिलाएं सिर में कलश रखकर पीले वस्त्र धारण किए भजन कीर्तन करते हुए गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा में शामिल हुई। भव्य कलश यात्रा के बाद बुधवार से देवप्रतिष्ठा कर कथा की शुरुआत हुई। आज से कथा की शुरुआत लेकर कथा के विश्राम तक भागवत कथा का महात्म, भगवान के विराट रुप की कथा, ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र, गजेन्द्र मोक्ष, वामन अवतार, कृष्ण जन्म, नंद उत्सव श्रीकृष्ण की बाललीला, माखन चोरी, छप्पन भोग, रुखमणी विवाह, सुदामा चरित्र, नवयोगेश्वर संवाद, अवधुतोपाख्यान, परिक्षित मोक्ष की के प्रसंगो को विस्तार से बताया जाएगा। कथा ज्ञान सप्ताह के अंतिम दिन गीता जी में उधृतविशाद योग का वर्णन, सांख्ययोग, आत्मसंयम योग, अक्षर ब्राम्हयोग, पुरुषोत्तम योग, मोक्ष सन्यास योग, पूर्णाहुति, भंडारा के साथ संपन्न होगा। व्यास पीठ पर विराजमान सोमनाथ शास्त्री के मुखारविंद से कथा, पूजन सुबह 8 से 10 बजे तक और कथा समय प्रतिदिन दोपहर 2 से प्रारंभ होगी। आयोजनकर्ता ओम तिवारी और समिति के सदस्य ने बताया कि श्रीमङ्ज्योर्तिमयानंद सरस्वती जी दण्डी सन्यासी, डॉ. बी.पी. शर्मा विभागध्याक्ष व्याकरण तथा साहित्य, स्वामी निग्रहाचार्य श्री भागवातानंद गुरु, डॉ. इंदुभावनंद ब्रम्हचारी शंकराचार्य आक्स, महंत डॉ. रामसुंदर दास, पीठाधिश्वर दुग्धारी मकरा एवं शिवरीनारायणा अप्ठ, पनीराम तिवारी, सोमनाथ साखी सहित गीता जयंती पर अपनी उपस्थिति देंगे। भव्य कलश यात्रा में निर्मला वर्मा, गायत्री सिंह चौहान, कुंती देवांगन, ममता साहू, प्रीति वर्मा, बिंदु शर्मा, के उईके सहित पदुम नगर के अनेक महिलाएं शामिल हुईं।

## भारती विश्वविद्यालय में हुआ आयोजन

# एचआईवी पीड़ित से न करें भेदभाव, बढ़ाए उनका मनोबल



**भिलाई।** राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ तथा शिक्षा संकाय के संयुक्त तत्वावधान में भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर विविध आयोजन किए गए। आयोजन में विशेष व्याख्यान डॉ. सुचित्रा शर्मा विजिटिंग प्रोफेसर समाजशास्त्र विभाग द्वारा प्रस्तुत किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने एड्स महामारी को वैश्विक समस्या बताते हुए इसके बचाव के लिए की जा सकने वाली सावधानियों से विद्यार्थियों का अवगत कराया तथा विद्यार्थियों को संक्रमित सुई, ब्लेड, रक्त के प्रयोग, असुरक्षित यौन संबंध जैसे एचआईवी वायरस के वाहक कारकों से बचने की शिक्षा दी। साथ ही इस महामारी से संघर्षरत व्यक्तियों के प्रति सहानुभूति एवं सहयोग की भावना के साथ उनके साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव या दुर्व्यवहार न करने की अपील की। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि हमें महामारी को रोकना है और मिटाना है, बीमारी से शिकार व्यक्ति का मनोबल बढ़ाते हुए यथा संभव उसके संघर्ष में उसकी सहायता करनी है। उन्होंने बताया कि एचआईवी का संक्रमण संक्रमित व्यक्ति के साथ हाथ मिलाने, बैठकर साथ भोजन करने, साथ रहने से नहीं फैलता। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी एवं गोदग्राम समन्वयक डॉ. स्नेह कुमार मेश्राम ने सभा को एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने तथा समाज में इसके संक्रमण से बचाव के लिए यथासंभव प्रयास करने की शपथ दिलाई। यह एक ला-इलाज महामारी है, इससे लड़ने का सर्वाधिक कारगर उपाय सतर्कता, सावधानी एवं इसके संबंध में जागरूकता का फैलाव ही है। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था। जिसका विषय एचआईवी संक्रमण के कारण, रोकथाम एवं चुनौतियां था।

निबंध प्रतियोगिता में प्रथम प्रिशिका सिंह चौहान, द्वितीय हर्ष कुमार साहू विजेता रहे। आयोजन में प्राध्यापक डॉ. मंजू साहू, हेमलता चंद्राकर, दुर्गा श्रीवास्तव, नीलम त्रेहान, अखिलेश सेन सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

## मनोविज्ञान विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय विकलांगता दिवस पर किया शैक्षणिक भ्रमण

# ऑटिज्म व सेरेब्रल पाल्सी के बच्चों की देखी एक्टीविटी, सुनने की क्षमता पर किया ध्यान केंद्रित, जाना चिकित्सा पद्धति

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर सेंट थॉमस कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग के सदस्यों ने असाधारण बच्चों के स्कूल सार्थक कदम संस्थान का शैक्षणिक दौरा कर वहा के बच्चों की मानसिकता को समझने का प्रयास किया। इस दौरान ऑटिज्म, बौद्धिक अक्षमता, अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर और सेरेब्रल पाल्सी से पीड़ित बच्चों की एक्टीविटी व उनके चिकित्सा पद्धति को समझने का प्रयास किया।



### शैक्षणिक दौरे का हिस्सा बने विद्यार्थी

शैक्षणिक दौरे का हिस्सा बनने वाले विद्यार्थियों को कॉलेज के प्रशासक फादर डॉ. पीएस वर्गीस और प्रिंसिपल डॉ. एमजी रॉयमन ने प्रोत्साहित किया। विभागाध्यक्ष डॉ. देबजानी मुखर्जी ने मनोविज्ञान के क्षेत्र में प्रशिक्षण, फील्डवर्क और अनुभवात्मक शिक्षा के महत्व पर चर्चा की। मनोविज्ञान के छात्रों को इस संस्थान के कार्यों, इसके काम करने के तरीके और उपचार करने में दक्षता हासिल करने के तरीकों से अवगत कराया गया। इस फील्ड विजिट पर विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. सुमिता सिंह, डॉ. अंकिता देशमुख , और डॉ. निम्मी वर्गीस के साथ छात्र मौजूद थे।

### आत्म-जागरूकता को बढ़ाने समझा उनका व्यवहार



सार्थक कदम विशेष आवश्यकताओं वाले छात्रों की शिक्षा के लिए समर्पित एक संस्था है जहां मनोविज्ञान के छात्रों ने इस कार्यक्रम में उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य बौद्धिक अक्षमता के बारे में जागरूकता बढ़ाना और उनके शैक्षणिक व्यवहारों की जांच करना था। कार्यक्रम में ऑटिज्म, बौद्धिक अक्षमता, अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर और सेरेब्रल पाल्सी से पीड़ित बच्चों के लिए प्रासंगिक चिकित्सीय पद्धतियों पर प्रकाश डाला गया। जिसमें उनकी सुनने की क्षमता, आंखों से संपर्क, अशाब्दिक संचार, मौखिक अभिव्यक्ति और आत्म-जागरूकता को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। छात्रों ने इन असाधारण बच्चों की जरूरतों के प्रबंधन के लिए उपयुक्त विभिन्न चिकित्सीय इलाज की जानकारी ली। सत्र की मुख्य वक्ता सार्थक स्कूल की उप प्राचार्य वी अनुराधा थीं। कदम संस्थान की प्राचार्या एम वाणी ने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों में विकसित की जा सकने वाली क्षमताओं पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। प्राचार्या ने विद्यार्थियों को संस्थान परिसर का भ्रमण भी कराया।

## हेल्थ टिप्स

### संभालिए अपना दिल, बढ़ रहे हार्ट अटैक के मामले



हृदय रोग वैश्विक स्तर पर गंभीर स्वास्थ्य समस्या रही है, लगभग सभी उम्र के लोगों में इसका जोखिम देखा जा रहा है। वैश्विक हेल्थ रिपोर्ट्स पर नजर डालें तो पता चलता है कि पिछले दो-तीन दशकों में हृदय से संबंधित बीमारियों का खतरा बढ़ा है, लेकिन कोरोना महामारी की शुरुआत से यह एक गंभीर समस्या बनकर उभरा है।

एक-दशक पहले तक हृदय रोगों को उम्र बढ़ने के साथ होने वाली समस्याओं के तौर पर देखा जाता रहा था, हालांकि अब कम उम्र के लोगों- बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में इसका खतरा देखा जा रहा है। इतना ही नहीं साल-दर साल यह जानलेवा रोग नई-नई चुनौतियां भी बढ़ाते जा रहा है।

अब हम 2024 के समापन की तरफ बढ़ रहे हैं, ऐसे में जरूरी है कि इस साल हृदय रोगों और इसके कारण हुई समस्याओं पर एक नजर डाला जाए, जिससे सीख लेते हुए अगले साल और आने वाले वर्षों में हृदय को कैसे स्वस्थ रखा जा सकता है, इसपर गंभीरता से ध्यान दिया जा सके।

### सभी उम्र के लोगों में देखी गई हृदय रोगों की समस्या

हृदय रोगों का जोखिम पूरे साल देखा गया। 20 साल से भी कम उम्र के लोगों की कहीं डीजे पर डांस करते, जिम में वर्कआउट के दौरान मौत के मामले रिपोर्ट किए गए। जिन लोगों को पहले से ही क्रोनिक हार्ट की समस्या



रही है उनके लिए भी ये साल काफी चुनौतीपूर्ण रहा।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने पाया कि कोरोना के कारण हुए हार्ट पर असर के अलावा लाइफस्टाइल-आहार में गड़बड़ी के कारण हृदय की समस्याओं का जोखिम अधिक बढ़ा। वहीं इस साल कई बच्चों में भी हार्ट की समस्याएं रिपोर्ट की गई, डॉक्टर्स का कहना है कि इनमें से ज्यादातर को जन्मजात हृदय से संबंधित दिक्कत थी।

### स्वास्थ्य मंत्री ने किया सावधान

साल 2024 में बढ़ते हृदय रोगों और इसकी जटिलताओं के कारण मौत के मामलों को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया सभी लोगों को हृदय की देखभाल करते रहने की सलाह दी।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, जो लोग कोरोना के गंभीर रोग के शिकार रह चुके हैं, उनको कठिन शारीरिक परिश्रम या व्यायाम से बचना चाहिए, इससे उनमें दिल का दौरा पड़ने का खतरा बढ़ सकता है। मंडाविया ने गुजरात में एक कार्यक्रम में कहा कि भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के एक



अध्ययन से पता चलता है कि गंभीर कोविड-19 संक्रमण से उबर चुके युवाओं में दिल के दौरे के मामले बढ़ रहे हैं।

### आईसीएमआर ने अध्ययन में किया अलर्ट जारी

आईसीएमआर के विशेषज्ञों ने एक अध्ययन में बताया कि कोविड-19 के बाद सडेन हार्ट अटैक के मामले काफी तेजी से बढ़े हैं। संक्रमण के दुष्प्रभावों के कारण कम उम्र के लोग भी इसके शिकार रहे हैं। कोविड के शिकार या जिन्हें संक्रमण नहीं भी हुआ उनमें भी इसका जोखिम देखा जा रहा है। हार्ट अटैक के कारणों को जानने के लिए शोधकर्ताओं ने हार्ट अटैक से मरने वाले 100 से अधिक लोगों की जांच की। इसमें पाया गया कि इसमें ज्यादातर वे लोग थे, जो महामारी के दौरान संक्रमण की चपेट में आए थे। शवों की एमआरआई जांच में कोरोना के कारण हृदय-फेफड़ों की समस्याओं के बारे में भी पता चला।

---

**आंखों में सूखापन होता है कई वजहों से, रहें सचेत**

# सर्दियों में बढ़ जाती है आंखों की ये बीमारी, आपकी भी हैं ऐसी आदतें तो इन्हें छोड़कर तुरंत हो जाएं सावधान

सर्दियों में ड्राई आइज या आंखों में सूखापन बढ़ने की दिक्कत अधिक देखी जाती है। ड्राई आइज तब होती है जब आंखें सही मात्रा में आंसू का उत्पादन नहीं कर पाती हैं। आइए जानते हैं कि इस मौसम में आंखों की देखभाल कैसे करें?

सर्दियों का ये मौसम आपकी सेहत के लिए कई प्रकार से चुनौतीपूर्ण हो सकता है। ठंडे मौसम के कारण श्वसन संक्रमण के अलावा त्वचा संबंधी समस्याएं, जोड़ों में दर्द और हार्ट की दिक्कतें भी काफी बढ़ जाती हैं। ये मौसम आपकी आंखों की सेहत के लिए भी काफी दिक्कतें बढ़ा सकता है। सर्दियों में ड्राई आइज या आंखों में सूखापन बढ़ने की दिक्कत अधिक देखी जाती है। ठंडी-शुष्क हवा और घर के अंदर हीटर के इस्तेमाल के कारण ये दिक्कत होना काफी आम है। जिन लोगों को पहले से ही ये समस्या रही है उन्हें इस मौसम में और भी सावधानी बरतते रहने की सलाह दी जाती है। प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. डीएम भावनानी बताते हैं ड्राई आइज की दिक्कत तब होती है जब आंखें सही मात्रा में आंसू का उत्पादन नहीं कर पाती हैं। इस वजह से आपको आंखों में लालिमा, जलन और किरकिरापन महसूस होता रह सकता है। आइए जानते हैं कि इस मौसम में आंखों की देखभाल कैसे करें?



### ड्राई आइज के होते हैं ऐसे लक्षण

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. डीएम भावनानी के मुताबिक आंखों में सूखापन के कारण कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं। इस वजह से आंखों में अक्सर चुभन, जलन या खुजली जैसी दिक्कत होते रहना आम है। इसके अलावा आप प्रकाश के प्रति संवेदनशीलता, आंखों में कुछ होने का अहसास, रात में गाड़ी चलाने में कठिनाई और धुंधला दिखाई देने की समस्या भी महसूस कर सकते हैं। शुष्क हवा में या फिर हीटर के पास बैठने से ये दिक्कतें और भी बढ़ सकती हैं।

### आंखों में रहता है सूखापन तो हो जाइए सावधान

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. डीएम भावनानी के मुताबिक जिन लोगों को आंखों में सूखापन की दिक्कत है, उन्हें समय रहते इसका इलाज जरूर करा लेना चाहिए। अगर आंखों की इस समस्या का सही से उपचार न हो पाए तो इसके कारण आंखों में संक्रमण होने का खतरा काफी बढ़ जाता है। समय के साथ आपकी आंखों की सतह को नुकसान होने और गंभीर स्थितियों में आंखों में सूजन, कॉर्नियल सतह का घिसाव, कॉर्नियल अल्सर और दृष्टि हानि तक हो सकती है। ड्राई आइज की समस्या के कारण आपके लिए रोजमर्रा के कार्य करना भी मुश्किल हो जाता है, इससे क्वालिटी ऑफ लाइफ भी प्रभावित हो सकती है।

### ड्राई आइज की समस्या है तो क्या करें?



नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. डीएम भावनानी कहते हैं, जिन लोगों को ड्राई आइज की दिक्कत है उन्हें कुछ बातों पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। लक्षणों को कम करने के लिए किसी डॉक्टर की सलाह पर आई ड्रॉप का इस्तेमाल किया जा सकता है। इससे आंखों में नमी बनाए रखना आसान हो सकता है। इसके अलावा जीवनशैली में बदलाव भी बहुत जरूरी है। धुएं, हवा और एयर कंडीशनिंग से बचने की कोशिश करें। सर्दियों में हीटर के सीधे सामने न बैठें, इससे भी आंखों की दिक्कतें बढ़ सकती हैं।

---

# जूनियर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी

**भुवनेश्वर में 7 से 11 दिसंबर तक होगा आयोजन**

**रायपुर।** एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के 39वी जूनियर नेशनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2024 कलिंगा स्टेडियम भुवनेश्वर (ओडिशा) मे 07 से 11 दिसंबर तक आयोजित है। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स टीम के 70 खिलाड़ी एवं 5 ऑफिशियल्स हिस्सा लेंगे। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता सब-जूनियर (अंडर-14 एवं अंडर-16) बालक/बालिका और जूनियर (अंडर-18 एवं अंडर-20) बालक/बालिका आयु वर्ग जिसमे 60 मी., 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मी, 600 मी., 800 मी॰, 1000 मी., 1500 मीटर, 3000 मीटर, 5000 मीटर, 80 मी हर्डल्स, 100 मी हर्डल्स, 110 मी हर्डल्स, 400 मी हैंडल्स, 3000 मी स्टेपलचेज, हाई जंप, ट्रिपल जंप, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, हैमर थ्रो, जैवलिन थ्रो, रेस वॉक, ट्राथलॉन, पेंटाथलॉन, हेप्टाथलॉन, रिले रेस आदि इवेंट होगा।

खिलाड़ियों का चयन छत्तीसगढ़ एथ्लेटिक्स संघ के चयनकर्ता के द्वारा 21वी राज्य स्तरीय एथ्लेटिक्स प्रतियोगिता, 35वी वेस्ट जोन जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता एवं चयनप्रक्रिया के परफॉर्मेंस और एएफआई के मापदण्डो के आधार पर किया गया है।

चयनित खिलाड़ियों में बालोद - कुमकुम खरे अंडर 16 गर्ल्स 60 मी॰ रेस एवं लॉन्ग जंप, अश्विन अंडर 16 गर्ल पेंटाथलान, देविका यदु अंडर 18 गर्ल्स 3000 कि रेस वॉक। बलौदा बाजार - संधानी साहू अंडर 18 गर्ल्स शॉट पुट। बिलासपुर-अभिषेक सिंह अंडर 16 बॉयज़ हाई जंप, प्रतीक सरोवर अंडर 16 बॉयज शॉट पुट, अर्पित चौहान अंडर 16 गर्ल्स हाई जंप, निखिल साहू अंडर 18 बॉयज 100 मी॰ रेस, आदित्य वर्मा अंडर 18 बॉयज 1000 मी॰ रेस, हर्ष निषाद अंडर 18 बॉयज 1000 मी॰ रेस, गजेंद्र सिंह अंडर 18 बॉयज 400 मी॰ रेस, श्याम जी दुबे अंडर 18 बॉयज 5000 मीटर रेस वॉक, शीतल कुशवाहा अंडर 18 गर्ल्स 1000 मी॰ रेस, हर्ष साहू अंडर 18 गर्ल्स 1000 मी॰ रेस, तान्या कैवर्त अंडर 18 गर्ल्स 400 मी॰ रेस एवं हेप्टाथलान, चाँद भारद्वाज अंडर 18 गर्ल्स लॉन्ग जंप, अमित कुमार अंडर 20 बॉयज 10000 मीटर रेस वॉक, नैतिक सोनकर अंडर 20 बॉयज 1500 मी॰ रेस एवं 800 मीटर रेस, तर्निका टेटा अंडर 20 गर्ल्स 100 मीटर एवं लॉन्ग जंप, सिया सिंह अंडर 20 गर्ल्स 400 मीटर



रेस। बीजापुर - वीरेंद्र अंडर 14 बॉयज ट्रायथलॉन, अंजलि कोरमा अंडर 14 गर्ल्स ट्रायथलॉन, पूजा वाचम अंडर 16 गर्ल्स 60 मीटर रेस एवं 600 मीटर रेस। दंतेवाड़ा - सुशीला अंडर 16 गर्ल्स 600 मी., कृष्ण पाल सिंह अंडर 16 गर्ल्स बॉयज 600 मी॰ रेस, राजेश कुमार अंडर 14 बॉयज जैवलिन थ्रो, धमतरी - उदय गढ़वाल अंडर 20 बॉयज शॉट पुट, दुर्ग - रवि साव अंडर 18 बॉयज 5000 मीटर रेस वॉक, साक्षात सिंह अंडर 16 बॉयज लॉन्ग जंप, जावीन धनवानी अंडर 16 बॉयज पेंटाथलान एवं शॉट पुट, अनुषा सिंह अंडर 16 गर्ल्स शॉट पुट, शौर्य सोनी अंडर 18 बॉयज 200 मी॰ रेस, एन पूर्वा अंडर 20 गर्ल्स ट्रिपल जंप। रायपुर-बाबू बेरा अंडर 18 बॉयज 110 मी॰ हैंडल्स, राज साहू अंदर 18 बॉयज 110 मी॰ हर्डल्स, प्रवीण कुमार अंडर 18 बॉयज 200 मी॰ रेस, विजय कुमार अंडर 18 बॉयज जैवलिन थ्रो, दार्शनिक मिश्रा अंदर 18 गर्ल्स 100m रेस, मनस्वी भगत अंडर 18 गर्ल्स लॉन्ग जंप, इरशाद अहमद अंडर 20 बॉयज हैमर थ्रो, मोहम्मद अमन अंडर 20 बॉयज हैमर थ्रो। मनेन्द्रगढ़-अंकित यादव अंडर 18 गर्ल्स 200 मी॰ रेस एवं 400 मी॰ रेस, आशुतोष तिवारी अंदर 20 बॉयज 1500 मी॰ रेस, अभिनव कुमार उइके अंडर 16 बॉयज लॉन्ग जंप। जशपुर-अमित कुमार अंडर 20 बॉयज 200m रेस, राहुल कुमार वर्मा अंडर 20 बॉयज 5000 मी॰ रेस, सूरजपुर-तेजस गोंड अंडर 16 बाय लॉन्ग जंप, मुकुंद कुमार अंडर 16 बॉयज पेंटाथलान। कांकेर- देवेश अंडर 16 बॉयज 600 मी॰ रेस, धरमवीर अंडर 16 बॉयज 60 मी॰ रेस, धर्मेंद्र अंदर 14 बॉयज ट्रायथलॉन शामिल हैं।

---

# भूलकर भी इन फलों और सब्जियों को न रखें साथ



आज के समय में अक्सर देखा जाता है कि लोग समय का अभाव होने की वजह से एक साथ ही हफ्ते भर की फल और सब्जियां लेकर आते हैं। इन सभी को लाकर एक साथ ही फ्रिज में रख दिया जाता है। लोगों का ऐसा मानना होता है कि फ्रिज में सब्जियां ज्यादा समय तक ताजी रहती हैं और सड़ने से बची रहती हैं। ऐसा करने से लोगों की मुश्किल आसान हो जाती है पर, क्या आप जानते हैं कि कुछ फल और सब्जियां ऐसी होती हैं, जिन्हें साथ में रखने से ये जल्दी सड़ने लगती हैं।

दरअसल, कई फलों और सब्जियों में अलग-अलग तरह के एंजाइम और केमिकल पाए जाते हैं। यही वजह है कि, इन सब्जियों और फलों को एक साथ रखा जाए तो ये जल्दी सड़ने लगती हैं। ऐसे में हर किसी के लिए ये जानना बेहद जरूरी है कि किस तरह की सब्जियों और फलों को अलग-अलग रखना चाहिए।

### इन फलों के साथ ना रखें ब्रोकली

अगर बात करें ब्रोकली की तो ये एथिलीन सेंसटिव होती हैं। अगर आप इसे सेब, अंजीर और अंगूर जैसे फलों के साथ रखेंगे तो इसकी लाइफ 50 प्रतिशत तक कम हो जाती है। फ्रिज में ऐसे रखने से ब्रोकली दो या तीन दिन तक ही फ्रेश रह पाती है।

### पत्तेदार सब्जियों को रखें इन फलों से दूर

इस मौसम में पत्तेदार सब्जियां काफी ज्यादा आती हैं। अगर इन्हें आप फलों तरबूज, अंगूर, सेब जैसे एथिलीन वाले फलों के साथ रखेंगी तो ये जल्दी सड़ने लगेंगी।

### लौकी को भी रखना चाहिए अलग

गर्मियों के सीजन आते ही लौकी मिलने लगती है। इन्हें सेब, अंगूर, अंजीर और नाशपाती जैसे फलों के साथ एक डलिया में नहीं रखना चाहिए। अगर आप इन्हें एक साथ रखेंगे तो लौकी जल्दी खराब होने लगेगी।

---

# वेटरन क्रिकेट में कलीम, दिनेश और चंद्रशेखर रहे प्लेयर ऑफ द मैच

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा छत्तीसगढ़ लेजेन्डस प्रीमियर लीग 2024 का आयोजन 01 से 07 दिसंबर तक चल रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की कुल 6 टीम हिस्सा ले रहीं है। लीग के मैच शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नया रायपुर तथा आर.डी.सी.ए. मैदान, रायपुर में खेले जा रहें हैं। लीग में 35 वर्ष से अधिक की आयु के लगभग 120 खिलाड़ी हिस्सा ले रहें है। बुधवार को 3 मैच खेले गये।




पहला मैच स्टील टायटन्स, भिलाई तथा क्यु.सी.आई.क्लब, रायपुर के मध्य शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नया रायपुर में खेला गया। क्यूसीआई क्लब, रायपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। क्यूसीआई क्लब, रायपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 189 रन बनाये। क्यूसीआई क्लब, रायपुर की ओर से नरेश कश्यप ने शानदार 70 रन तथा कृष्ण कुमार द्विवेदी ने 52 रन बनाये। स्टील टायटन्स, भिलाई की ओर से बृजेश पांडे, आशीष तथा संतोष सोनी ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। 190 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्टील टायटन्स, भिलाई की टीम 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 170 रन ही बना सकी। स्टील टायटन्स, भिलाई की ओर से क्रांति वर्मा ने 74 रन तथा संदीप मोरे ने 28 रन बनाये। क्यूसीआई क्लब, रायपुर की ओर से कलीम खान ने 3 विकेट प्राप्त किए। क्यूसीआई क्लब, रायपुर ने मैच 19 रनों से जीत लिया। क्यूसीआई क्लब, रायपुर के कलीम खान प्लेयर ऑफ द मैच रहे। आज का दूसरा मैच सनशाइन, रायपुर तथा इनफिनिटी के मध्य आर.डी.सी.ए. मैदान रायपुर में खेला गया। इनफिनिटी ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। सनशाइन ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 177 रन बनाये।




सनशाइन की ओर से धनराज बनर्जी ने 55 रन तथा मुजाहिद हक ने 30 रन बनाए। इनफिनिटी की ओर से अत्री शर्मा तथा राजेश ने 2-2 विकेट प्राप्त किए। 178 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इनफिनिटी की टीम ने 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 171 रन ही बना सकी। इनफिनिटी की ओर से विक्रम बत्रा ने 73 रन तथा अत्री शर्मा ने 34 रन बनाये। सनशाइन की ओर से दिनेश गोयल ने 3 विकेट प्राप्त किये। सनशाइन ने मैच 6 रनों से जीत लिया। सनशाइन के दिनेश गोयल प्लेयर ऑफ द मैच रहे।




आज का तीसरा मैच शिवाय टायगर्स, रायपुर तथा प्रगति प्राइड के मध्य शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नया रायपुर में खेला गया। प्रगति प्राइड ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। शिवाय टायगर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 19 ओवरों में 10 विकेट खोकर 113 रन बनाये। शिवाय टायगर्स, रायपुर की ओर से डेसमंड डगलस ने 27 रन तथा रामेश्वर ने 20 रन बनाये। प्रगति प्राइड की ओर से चंद्रशेखर ने 4 विकेट प्राप्त किये। 114 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रगति प्राइड की टीम ने 16.5 ओवरों में 6 विकेट खोकर 114 रन बनाकर मैच जीत लिया। प्रगति प्राइड की ओर से अजित टुटेजा ने 36 रन तथा राहुल गंधोक ने 22 रन बनाये। शिवाय टाइगर्स की ओर से यशवंत ने 2 विकेट प्राप्त किये। प्रगति प्राइड ने मैच 4 विकेट से जीत लिया। प्रगति प्राइड के चंद्रशेखर प्लेयर ऑफ द मैच रहे।




---

**कार्नर न्यूज**

*हम खुद को स्वस्थ रखने के लिए क्या कुछ नहीं करते। अच्छा आहार लेते हैं, जिम जाते हैं, सुबह जल्दी उठते हैं और रात को समय पर सोते हैं और योग भी करते हैं आदि। बात अगर योग की करें, तो बीते कुछ सालों में योग के प्रति लोगों की रूचि काफी बड़ी है।*

*जहां एक तरफ कई लोग अपने घरों पर ही योग करते हैं, तो कई लोग योगा टीचर से योग करना सीखते हैं। वहीं, योग करने से हमारे शरीर को लाभ भी मिलता है और हमारा शरीर फिट रहता है। वहीं, इन सबके बीच अगर आप योग करना शुरू कर रहे हैं, तो आपके लिए कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी हो जाता है। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं, तो आपको इसका नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। तो चलिए जानते हैं योगासन करते समय कौन-कौन सी बातों का ध्यान रखना चाहिए।*

**सावधानी के साथ योग करने की आदत डालें, मिलेगा लाभ**

# योग करना अच्छी बात, पर करते समय अगर की गलतियां तो पड़ सकती हैं भारी



### योग करने वाले इन बातों का रखें ध्यान:-

**नंबर 1:** योग करने का एक समय होता है। दोपहर या रात के समय योग नहीं करना चाहिए। दरअसल, योग करने का सबसे सही समय ब्रह्म मुहूर्त को माना जाता है क्योंकि इस समय एक तो नींद लेने के बाद शरीर काफी रिलेक्स होता है और दूसरा पेट भी हल्का होता है। इसलिए समय का ध्यान रखना चाहिए।

**नंबर 2:** आप अगर योग कर रहे हैं, तो ध्यान रखें की इस दौरान पानी पिएं। योग करते समय शरीर में धीरे-धीरे उष्मा का स्तर बढ़ता है। ऐसे में अगर कोई ठंडे पानी का सेवन कर ले, तो उष्मा के स्तर में तेजी से गिरावट हो सकती है। साथ ही इससे एलर्जी, जुकाम और कफ की समस्या हो सकती है। इसलिए योग करने के 15 मिनट बाद ही पानी पिएं।

**नंबर 3 :** कई लोग सोचते हैं कि हमने आज योग कर लिया, तो हमें इसका लाभ कल से ही मिलने लगेगा। ऐसे में वो कुछ दिन योग करने के बाद सोचते हैं कि इसका कुछ फायदा नहीं हो रहा और वे योग करना छोड़ देते हैं। जबकि योग का असर धीरे-धीरे करके और लंबे समय तक दिखाई देता है।

**नंबर 4:** कई लोग योग तो करते हैं, लेकिन जल्दबाजी में। जबकि, ऐसा नहीं करना चाहिए। दरअसल, योग से आपको मानसिक तौर पर जुड़ना पड़ता है। योग करते वक्त पूरा समय दें और पूरी चेतना के साथ इसका अभ्यास करें। इसके बाद ही आपको पूरी तरह इसका लाभ मिल सकता है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ग्रैमी से लेकर गिनीज तक है दबदबा दुआ लीपा की नेट वर्थ कर देगी हैरान



पॉप सिंगर और ग्रैमी पुरस्कार विजेता दुआ लिपा 30 नवंबर को मुंबई में एक म्यूजिक कॉन्सर्ट करने वाली हैं। इससे पहले दुआ वर्ष 2019 में नवी मुंबई में वनप्लस म्यूजिक फेस्टिवल में प्रस्तुति दे चुकी हैं। अपने कॉन्सर्ट के लिए वह भारत पहुंच चुकी हैं। आइए जब अल्बानियाई गायिका भारत पहुंच चुकी हैं तो उनकी नेटवर्थ के बारे में जान लेते हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस साल दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में से एक के रूप में जानी जाने वाली दुआ की कुल संपत्ति 1,116 करोड़ रुपये आंकी गई है। वर्ष 2015 में उन्होंने डेब्यू किया और अपना एल्बम लॉन्च किया। इसके बाद उन्होंने विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाई। दुआ लीपा ने अपने अब तक के करियर में कई मशहूर लोगों के साथ काम कर चुकी हैं। गायिका ने माइली साइरस, केल्विन हैरिस, सीन पॉल, मार्टिन गैरिक्स, सिल्क सिटी, एंड्रिया बोसेली, मेजर लेजर, मेगन थी स्टैलियन और एल्टन जॉन जैसे कलाकारों के साथ काम किया है। दुआ लीपा ने वर्ष 2020 में अपना नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराया। दुआ के शो की सबसे ज्यादा टिकट बिकी, जो किसी भी एकल महिला कलाकार द्वारा लाइव स्ट्रीम किए गए कॉन्सर्ट से सबसे ज्यादा थी। वहीं, पॉप सिंगर के नाम एक और रिकॉर्ड है, उन्होंने एक महिला कलाकार के तौर पर स्पॉटिफाई पर सबसे ज्यादा सुने जाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया है।

दुआ लीपा के इंस्टाग्राम पर 87.4 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर हैं और वह इससे भी कमाई करती हैं।

### टॉलीवुड

## बॉयफ्रेंड एंटनी के साथ दो वेडिंग सेरेमनी करेंगी कीर्ति सुरेश, जल्द गोवा में होने वाली है शादी



दक्षिण भारतीय अभिनेत्री कीर्ति सुरेश ने कुछ दिन पहले ही अपनी शादी की आधिकारिक पुष्टि की है। अब खबर है कि वह दो वेडिंग सेरेमनी करने वाली हैं। कुछ दिन पहले अभिनेत्री कीर्ति सुरेश अपने माता-पिता के साथ आंध्र प्रदेश के तिरुपति में स्थिति श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर पहुंची थी। यहां उन्होंने भगवान का आशीर्वाद लिया। जब वह मंदिर के बाहर आई तो उन्होंने मीडिया को बताया कि वह अपनी अगली फिल्म की सफलता के लिए भगवान का आशीर्वाद लेने आई, साथ ही दिसंबर महीने में उनकी गोवा में शादी है। इस तरह से कीर्ति सुरेश ने अपनी होने वाली शादी की बात को कंफर्म कर दिया था। अब खबर है कि वह दो तरह से शादी करेंगी यानी फैंस को उनकी दो वेडिंग सेरेमनी देखने को मिलेंगी। कीर्ति धर्म से हिंदू हैं और एंटनी क्रिशियन, यही कारण है कि दोनों अपने-अपने धर्मों के रीति-रिवाज से शादी करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार 12 दिसंबर 2024 को दोनों शादी के बंधन में बंध जाएंगे। सुबह हिंदू रीति से शादी होगी और उसी दिन शाम को क्रिशियन रीति से कीर्ति और एंटनी शादी करेंगे। इस तरह से कीर्ति के फैंस को उनकी दो वेडिंग सेरेमनी देखने को मिल सकती हैं। वह दो तरह के दुल्हन के गेटअप में नजर आएंगी।

कीर्ति सुरेश बॉयफ्रेंड एंटनी को लगभग 15 साल से डेट कर रही हैं। उन्होंने अब तक अपने रिश्ते को दुनिया के सामने जाहिर नहीं किया। कुछ दिन पहले ही एंटनी के साथ उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाली जिसमें अपने इतने लंबे साथ की बात को बयां किया था। अब इन दोनों के प्यार को मंजिल मिल गई, दोनों दिसंबर में गोवा में शादी कर रहे हैं।

कीर्ति सुरेश एक तरफ अपनी शादी में व्यस्त हैं। वहीं वह अपनी आने वाली फिल्म बेबी जॉन को लेकर भी उत्साहित हैं। इस फिल्म में वह अभिनेता वरुण धवन की पत्नी के रोल में नजर आएंगी। वरुण धवन के साथ काम करने के एक्सपीरियंस को वह यादगार भी बताती हैं।

### छॉलीवुड

## रायपुर के अपूर्व की लघु फिल्में ओटीटी प्लेटफार्म पर



राजधानी रायपुर के नौजवान अपूर्व डेगन एक प्रतिभाशाली और मेहनती कलाकार हैं, जो अपने अलग अंदाज़ और मंझे हुए अभिनय के लिए जाने जाते हैं। उनकी दो लघु फिल्में, इंस्टेंट लोन 4 दिसंबर को दुनिया कि सबसे बड़े ओटीटी प्लेटफार्म ₹हंगामा₹ ओटीटी पर रिलीज हुई है, वहीं इसी प्लेटफार्म पर फैमिली बॉय 5 दिसंबर को रिलीज हो रही है। दोनों फिल्में उनकी अभिनय यात्रा के लिए एक नया मोड़ है। ये कहानियां ना सिर्फ मनोरंजन प्रदान करती हैं,बल्कि सामाजिक संदेश भी देती हैं। आज के वर्तमान समय में समाज को बहुत ही पावरफुल मैसेज देगी। अपूर्व का पारिवारिक बैकग्राउंड डॉक्टरों का है, लेकिन उन्होंने अपने सपनों को साकार करने अभिनय की दुनिया में कदम रखा है। अपूर्व के लिए कला सिर्फ एक काम नहीं, बल्कि एक जुनून है अपूर्व अपनी कला को नये आयाम देने और दर्शकों के दिलों तक पहुंचने के लिए लगातार कोशिश करते हैं। उनकी कहानी हर व्यक्ति के लिए प्रेरणा है जो अपने सपनों के पीछे दौड़ना चाहता है, चाहे परिस्थितयां कुछ भी क्यों ना हो। एएएफटी रायपुर से एक्टिंग की पढ़ाई के बाद अपूर्व ने अपने दोस्तों के साथ मिल कर एक शॉर्ट फिल्म बनाई। उन्होंने साई आसरा फिल्म एंटरटेनमेंट नाम का यूट्यूब चैनल चालू किया जिसमें शॉर्ट फिल्म बनाके अपलोड किया ₹अनहोनी बहुत सी₹ शॉर्ट फिल्म में अवॉर्ड जीता फिर मुंबई की तरफ रूख किया।

### पेरिस की 'खाकी'




पेरिस फैशन वीक में सेंट लॉरेंट के फॉल/विंटर 2024 कलेक्शन अपने खाकी रंग के साथ नमूदार हुआ। जो पारदर्शिता और सौंदर्य के बीच एक आकर्षक नृत्य जैसा था। डी मेजर में मैग्निफिकैट की अलौकिक ध्वनियों के साथ सेट किए गए इस शो की शुरुआत कॉफी ब्राउन शीयर ड्रेस से हुई, जिसके नाजुक कपड़े को फर श्रग और एक बोल्ड ब्लैक बेल्ट द्वारा उभारा गया।

## सर्दियों में कैसे चुनें सही सनस्क्रीन, उपाय है यहां



विंटर में स्किन ड्राई होती है। इसलिए टैनिंग भी ज्यादा होती है। इससे बचने के लिए आपको अपनी सनस्क्रीन का सही एसपीएफ खरीदना चाहिए। एक्सपर्ट सलाह देते हैं कि कम से कम आपकी क्रीम का एसपीएफ 30 होना चाहिए। लेकिन सर्दियों में आप इससे ज्यादा एसपीएफ वाली क्रीम खरीद सकती हैं। वो भी काफी अच्छी होती है।

ऐसी सनस्क्रीन चुनें जिसमें स्पेक्ट्रम प्रोटेक्शन ज्यादा हो। क्योंकि सर्दियों में स्किन को नमी की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। इसके (सनस्क्रीन के फायदे) लिए आप ऐसे क्रीम खरीद सकती हैं जिसमें डाइऑक्साइड, जिंक ऑक्साइड, या एवोबेनज़ोन जैसे तत्व मौजूद हों। बाजार में आपको ऐसी क्रीम आसानी से मिल जाएगी, जिसका इस्तेमाल आप रोजाना कर सकती हैं। अगर आपकी स्किन ज्यादा ड्राई है तो सर्दियों के लिए बेस्ट है कि आप लाइट वेट सनस्क्रीन को चूज करें। इससे आपकी स्किन पर किसी तरह की कोई इरिटेशन भी नहीं होगी। साथ ही स्किन सॉफ्ट रहेगी। बस इस बात का ध्यान रखें कि इससे आपको तकलीफ न हो।

कई बार होता है कि हम अपनी स्किन को प्रोटेक्ट करने के लिए ज्यादा सनस्क्रीन का इस्तेमाल कर लेते हैं। लेकिन ऐसा (स्किन को हाइड्रेट रखने का तरीका) बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए। इससे स्किन में इरिटेशन हो सकती है।

## फंक्शन में दिखना है खास तो लहंगे के ये लेटेस्ट डिजाइंस आपके लिए





फैशन



हर शादी व फंक्शन में जाने के लिए हम अक्सर ट्रेडिशनल वियर को ही पहनना पसंद करते हैं। इसके लिए ज्यादातर लोग लहंगे को पहनते हैं। हालांकि इसमें आपको कई डिजाइंस लगभग हर ऑफ़लाइन और ऑनलाइन स्टोर्स पर आसानी से मिल जाएंगे। आजकल की बात करें तो हम सेलिब्रिटीज के जैसे डिजाइनर लहंगे पहनना पसंद करते हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं लहंगे के कुछ खास डिजाइंस जिन्हें आप इस वेडिंग सीजन के लिए ट्राई कर सकती हैं। साथ ही बताएंगे इन ट्रेडिशनल लुक्स को स्टाइलिश बनाने के आसान टिप्स।

### ब्लैक लहंगा डिजाइन

ब्लैक कलर अपने आप में काफी क्लासी लुक देने में मदद करता है। इस खूबसूरत लहंगे को डिजाइनर सब्यासाची ने डिजाइन किया है। इस तरह के मिलते-जुलते लहंगे आपको मार्केट में लगभग 3,000 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगा। इस तरह के लुक के साथ शैम्पेन गोल्डन कलर की ज्वेलरी को पहन सकती हैं।

### वेलवेट लहंगा डिजाइन

ठंड से बचने और स्टाइलिश दिखने के लिए आप वेलवेट फैब्रिक से बने लहंगे को पहन सकती हैं। इस तरह के डिजाइनर आउटफट को मनीष मल्होत्रा ने डिजाइन किया है। इस तरह के मिलते-जुलते लहंगे आपको मार्केट में लगभग 4,000 रुपये तक में आसानी से मिल जाएंगे। इस तरह के लुक के साथ आप सिंपल और स्लीक हेयर स्टाइल को चुन सकती हैं।

### ऑफ व्हाइट लहंगा डिजाइन

दिन की शादी में जा रही हैं तो इस तरह के सोबर कलर को ट्राई करें। इसे डिजाइनर फराज़ मनन द्वारा डिजाइन किया गया है।

## स्लिक हेयर बेक स्टाइल के लिए कीजिए कुछ खास तैयारी



स्लिक हेयर बेक लुक में आपने कई हीरो को देखा होगा। लेकिन बालों को सिर्फ पीछे कर लेने से ही ये स्टाइल नहीं बन जाता है। बल्कि इसके लिए कुछ तैयारी भी करनी होती है। ताकि ये स्टाइल कुछ देर तक तो रुके ही।

इसके लिए बालों को स्टाइल देने के दौरान भी कुछ टिप्स फॉलो करने होंगे। इतना ही नही ये स्टाइल देने के पहले भी कुछ टिप्स आजमा लिए जाएं तो ये स्टाइल कैरी करना आसान हो जाता है। इसके लिए क्या-क्या करना होगा जानिए-

बालों को धोने के बाद इन्हें हवा में सूखने न दें। बल्कि इन्हें टॉवल से बस पोंछ दें। दरअसल हल्के गीले बालों में स्टेलिंग प्रोडक्ट अच्छे से एक्टिवेट हो पाते हैं। बाल ग्रीसी न हों, याद रखें क्योंकि बाल जितने ज्यादा ग्रीसी होंगे इनका स्टाइल उतनी ही जल्दी खराब होता जाएगा।

इस हेयर स्टाइल के लिए बड़े दांतों वाला कंघा ही इस्तेमाल करें। इससे बाल आसानी से पीछे की ओर जाते हैं। अब कंघे को शुरू में रूट से पीछे की ओर न ले जाएं। बल्कि शुरू में इन्हें बालों के अंत की ओर से चलाएं। इसके बाद धीरे-धीरे रूट से कंघा चलाना शुरू करें।

अब बालों को थोडा आराम दें। ये कुछ देर में अपनी जगह सेट हो जाएंगे। बालों को पूरी तरह ब्लो ड्राय न करें। इससे बालों को स्ट्रेट होने में मदद मिलेगी। अब आप चाहें तो बालों को स्ट्रेट या अपनी जगह स्टिक रखने वाले प्रोडक्ट का इस्तेमाल कर सकते हैं। इन प्रोडक्ट को बालों के बाहर की ओर लगाएं। इनको 15 से 20 सेकंड के लिए सेटेल होने दीजिए।

अब अपने हाथों को बालों के ऊपर चलाएं ताकि प्रोडक्ट पूरे सिर पर आसानी से फैल सके। प्रोडक्ट के हाथों में लग जाने का डर है तो हल्के गर्म पानी में हाथों को डुबो लें और फिर बालों में प्रोडक्ट को डिस्ट्रीब्यूट करें।

## फटी-पुरानी साटन साड़ी को फेंके नहीं इन तरीकों से करें इनका इस्तेमाल



अक्सर अलमारी में बंद पड़े बिना ज्यादा इस्तेमाल हुए रखें ही रह जाते हैं और आखिर फैब्रिक कमजोर होकर फट जाता है। ज्यादातर ऐसा साड़ी के साथ होता है और बदलते फैशन ट्रेंड में हम साड़ी को ज्यादा बार नहीं पहन पाते हैं, जिसके कारण ये अलमारी में रखी ही रह जाती हैं। बता दें कि पुरानी साड़ी को आप आसानी से रीसायकल कर सकती हैं।

### सिरहाने के कवर बनाने में आ सकते हैं काम

हम ज्यादातर रेडीमेड सिरहाने के कवर खरीदते हैं, लेकिन क्या आप जानती हैं कि आप साटन साड़ी को रीसायकल कर दोबारा इस्तेमाल करने के लिए इनसे अपने सिरहाने के कवर बनवा सकती हैं। साथ ही चाहे तो आप दूसरी किसी साड़ी की मदद से पाइपिंग वाला बॉर्डर भी बना सकती हैं और इसे फैंसी लुक दे सकती हैं।

### साटन साड़ी से बनाएं स्टाइलिश बैग

साटन का फैब्रिक एक तरफ से बेहद मुलायम होता है दूसरी तरफ से खुदरा होता है। इसकी मदद से आप काफी स्टाइलिश कलरफुल और अपनी जरूरत के अनुसार कलर कॉम्बिनेशन का बैग बनवा सकती हैं। कोशिश करें कि बैग बनवाने के लिए आप सभी चीजें सही तरीके से माप लें ताकि आसानी से आप इसे कैरी कर पाएं।

### साड़ी से कैसे बनाएं डेकोरेशन की चीजें?

आप चाहे तो घर पर लगाने वाले डेकोरेशन आइटम्स भी पुरानी साटन साड़ी की मदद से बना सकती हैं। बता दें कि इसके लिए आप दीवार पर वाल हैंगिंग या लैंप कवर जैसी कई अन्य चीजें भी बना सकती हैं। इसके लिए आप कोशिश करें कि प्रिंटेड साटन साड़ी का चुनाव करें।

### कार्नर न्यूज

### ऐसे बनाएं खुद को अट्रैक्टिव और फैशन के जादू से अपनी लेडी लव को लाएं करीब

## मेंस फैशन में चुनिए ऐसा जो आपको हजारों की भीड़ में भी अलग दिखाए

*पुरुष कैसे कपड़े पहनें जो लड़कियों को देखने में अट्रैक्टिव लगें? ज्यादातर पुरुषों के दिमाग में ऐसे सवाल आते हैं। क्योंकि हम अच्छी तरह से ड्रेस अप अपने आप को निखारने के लिए करते हैं। यही बात आपको हजारों की भीड़ में किसी के लिए खास बना देती है। इसलिए फैशन सेंस को महत्वपूर्ण माना जाता है। खासकर, अगर आप डेटिंग की सोच रहे हैं या अपनी क्रश को इंप्रेस करना चाहते हैं तो ये और भी महत्वपूर्ण बन जाता है। क्योंकि आप उसके करीब रहना चाहते हैं और उसे अपने पास बनाए रखना पसंद करते हैं। मगर अपीलिंग फैशन के लिए कोई गारंटी वाला फार्मूला नहीं है। हां, हम यहां पर ऐसी कुछ बातें जरूर बताएंगे। जिससे आपके लिए फैशन से आकर्षित करना आसान हो जाएगा। लेकिन ये भ्रम न पालें कि लड़की दौड़ी चली आएगी और लिपट जाएगी।*



**ट्रेंडी ड्रेस पहनें :** फैशन हर साल बदलता है। इसलिए सबसे पहले सीजन का खास ख्याल रखें। गर्मी के मौसम में ट्रेंडी समर ड्रेस पहनें। इसके अलावा सर्दी में विंटर ड्रेस पहनें। मगर पुरानी ड्रेस को अलविदा कहना होगा। आपको अपने वार्डरोब में कुछ नए कपड़े शामिल करने होंगे। जैसे- कई लड़के अपनी गर्मी की टी-शर्ट को बदलने का नाम नहीं लेते। कम से कम 3-4 साल तक उसको पहनते रहते हैं। ऐसे में उस कपड़े से नई जैसी चमक चली जाती है जिससे आप डल दिखाई देते हो। इसलिए हमेशा टॉप वियर को हर साल बदल दें।

**फंकी न बनें :** आप अपनी क्रश को इंप्रेस करने के लिए फंकी बनकर न जाएं। फंकी लुक गलत नहीं है। मगर बहुत कम लड़कियों को ऐसे में लुक वाले लड़के पसंद आते हैं। इसलिए अगर आप पंजाबी गानों से बहुत अधिक प्रभावित होकर खुद को फंकी न बनाएं।



**पहनें एक शानदार घड़ी :** यहां पर हम एक शानदार दिखने वाली घड़ी की बात कर रहे हैं न कि, महंगी या लग्जरी घड़ी। अगर आपकी कलाई में एक शानदार दिखने वाली घड़ी है तो ये आपके फैशन को नेक्स्ट लेवल पर लेकर जाएगी। इससे आप और भी आकर्षक दिखेंगे। इसके लिए आप अपनी खातिर एक परफेक्ट घड़ी खरीदें, जो दिखने में अच्छी हो। आप अपने लिए मेटल वॉच या लेदर बेल्ट वाली घड़ी ले सकते हैं। मगर उनको अपनी ड्रेस की मैचिंग के हिसाब से पहनें। जैसे- फॉर्मल लुक के साथ मेटल वॉच और कैजुअल लुक के लिए लेदर बेल्ट वाली घड़ी सही रहेगी। मगर ऐसे मेटल को पहनें जो दिखने में चमकीला हो। ताकि दूर से ही नजर आए।

**चप्पल नहीं, पहनें जूते :** चप्पल पहनकर कहीं भी नहीं जा सकते हैं। इस बात अच्छी तरह याद कर लें। शूज के मुकाबले चप्पल कम आकर्षक होता है। इसलिए जब बात किसी को आकर्षित करने की हो या इंप्रेशन जमाने की हो तो अपनी ड्रेस के हिसाब से परफेक्ट मैचिंग वाला शूज पहनकर जाएं। स्नीकर्स कैनवास स्नीकर्स लोफर इस तरह के शूज लड़कों के फैशन को किलर बनाते हैं।